# मेट्रो Rays


आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 12 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 13- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 127 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 ▸▸ शादियों में स्टाइल करें टिश्यू सिल्क साड़ियां

21 वें थर्ड आई एशियन फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड पाकर सम्मानित हुए जावेद अख्तर ◂◂ 6


# रांची में आज से वीमेंस इंडिया हॉकी लीग, कल्पना सोरेन करेंगी उद्घाटन

## ■ पहले दिन दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच मुकाबल ■ जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम तैयार

,2,लीड

**संवाददाता**

**रांची:** पहली बार वीमेंस हॉकी इंडिया लीग यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में आज यानी रविवार से शुरू होगी। पहला मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेला जायेगा। इस लीग का उद्घाटन गांडेय विधायक कल्पना सोरेन करेंगी।

दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है और हमें दिल्ली एसजी पाइपर्स से पहला मैच खेलने का मौका मिल रहा है। पूरी टीम कल अच्छे खेल की उम्मीद कर रही है। मेरा मानना ?? है कि हम काफी युवा टीम हैं और लीग के आगे बढ़ने के साथ-साथ बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" लीग



की पूर्व संध्या पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए ओडिशा वॉरियर्स टीम की कप्तान नेहा गोयल ने कहा एचआईएल खिलाड़ियों के लिए बड़ी वित्तीय स्थिरता लाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो अभी तक भारतीय टीम में शामिल नहीं हुए हैं। यह लीग निश्चित रूप से अधिक युवाओं को हॉकी को करियर विकल्प के रूप में देखने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी।"

श्राची रारह बंगाल टाइगर्स की कप्तान उदिता ने कहा यह युवाओं के लिए एक आदर्श मंच है। यह सबसे अच्छा मंच है। हमें दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है। पहले, हम केवल उनके खिलाफ खेलते थे, लेकिन अब हमारे पास उन्हें करीब से देखने का मौका है कि वे मैचों के लिए कैसे तैयारी करते हैं। उनकी मानसिकता और हमें उनसे दोस्ती करने का भी मौका मिलता है। हमें टीम में शामिल सभी लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।" झारखंड की घरेलू प्रतिभावान खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी टीम की वर्तमान कप्तान सलीमा टेटे ने अपने राज्य के हॉकी प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे आएं और रोमांचक मैचों का आनंद लें। सूरमा हॉकी क्लब की सह-कप्तान बन रही सविता ने कहा ह्यह्य हमारा लक्ष्य एचआईएल के दौरान मैदान पर सर्वश्रेष्ठ हॉकी का प्रदर्शन करके अधिक युवाओं को खेल में आने के लिए प्रेरित करना है। महिलाओं के लिए एचआईएल की शुरूआत करना है। हॉकी इंडिया की सबसे अच्छी पहलों में से एक और इससे इस खेल में काफी रुचि बढ़ी है।

# अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचेगा इसरो, हैंडशेक के लिए 3 मीटर तक करीब आए दोनों उपग्रह, अब डॉकिंग की तैयारी

**बेंगलुरु :** भारत अपने महत्वाकांक्षी स्पैडेक्स मिशन में सफलता हासिल के काफी करीब पहुंच गया है। इसरो ने कहा कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) के तहत दोनों अंतरिक्षयान को 15 मीटर और आगे 3 मीटर तक पास पहुंचने का परीक्षण सफल हुआ है। दोनों अंतरिक्षयान ठीक तरीके से काम कर रहे हैं। इसरो ने एक पोस्ट कर जानकारी दी कि स्पैडेक्स डॉकिंग मिशन के तहत दोनों यान के 15



मीटर और आगे 3 मीटर तक पास पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है। डेटा के आगे विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी। डॉकिंग के लिए दोनों अंतरिक्षयानों को 225 मीटर तक की दूरी तक लाना है। हालांकि, इसरो ने डॉकिंग प्रयोगों के लिए कोई तारीख तय नहीं की है। स्पैडेक्स मिशन के तहत भारत अंतरिक्षयान को डाक और अनडाक करने की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। इस सफलता के साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।

एक अंतरिक्षयान से दूसरे अंतरिक्षयान के जुड़ने को डॉकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं। यह प्रौद्योगिकी भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों जैसे चंद्रमा से नमूने वापस लाने, भारतीय अंतरिक्ष केंद्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसरो ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, दोनों अंतरिक्षयान 230 मीटर की इंटर सेटेलाइट डिस्टेंस (आइएसडी) पर हैं। सेंसर का मूल्यांकन किया जा रहा है। अंतरिक्षयान ठीक से काम कर रहे हैं। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रयोग को अब तक दो बार टाला जा चुका है।

# राजधानी एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

**रांची:** रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का आज के लिए समय बदल गया है। यह ट्रेन अपने तय समय 17:15 बजे नहीं जाएगी। अगर आपने इस ट्रेन से दिल्ली जाने का प्लान बनाया और टिकट कटा लिया है, तो पहले राजधानी एक्सप्रेस के रांची से खुलने का समय चेक कर लें। रांची से 3:30 घंटे देर से रवाना होगी राजधानी एक्सप्रेसः दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी (सीपीआरओ) ने कहा है कि रविवार (12 जनवरी) को ट्रेन के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। यह ट्रेन आज निर्धारित समय से 3 घंटे 30 मिनट देर से खुलेगी। सीपीआरओ ने कहा है कि लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से ट्रेन संख्या 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन 17:15 बजे रांची से खुलती है, लेकिन आज यह 20:45 बजे रांची से प्रस्थान करेगी।

# बीजापुर : सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर, गोलीबारी जारी



**बीजापुर:** नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बल की टीम ने नक्सली विरोधी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान रविवार की सुबह नेशनल पार्क क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ अब भी रुक-रुक कर जारी है। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। भोपालपटनम के मद्देड़ इलाके में बन्देपारा-कोरणजेड के जंगलों में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सुबह से रुक-रूककर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के आला अधिकारियों ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल सर्च अभियान में जुटे हुए हैं और विस्तृत जानकारी अभियान समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी। तीन नक्सलियों के मारे जाने की है खबर : इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिल रही है। घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नक्सली गतिविधियों को लेकर इस क्षेत्र में पहले भी कई बार बड़े अभियान चलाए गए हैं। फिलहाल, सर्च अभियान जारी है और सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी के साथ स्थिति को नियंत्रित कर रहे हैं।




न्यूज़ ब्रीफ



## हिण्डाल्को में कंबल सह पोषक आहार वितरण समारोह

**मुरी :** हिण्डाल्को में सीएसआर विभाग द्वारा अल्युमीना क्लब परिसर में सिल्ली प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के जरूरतमेद लोगों के बीच पोषण आहार के साथ कंबल वितरित किया गया। वितरण समारोह में सिल्ली अस्पताल प्रभारी प्रियंका कुमारी ने कहा कि हिण्डाल्को ने इस तरह के कार्यक्रम में काफी योगदान किया है । समय- समय पर टीबी पेशेंट के लिए दवा और पोषक आहार दिया है आज लगभग टीबी रोगी नहीं के बराबर है क्योंकि इसका इलाज है । सीओ अरूणिमा एक्का ने कहाकि अगर किसी को टीबी हो गया तो घबराने की जरूरत नहीं है । पोषक आहार समय- समय पर लेते रहे। संचालन भरत सिंह ने किया। प्लांट हेड संदीप पाटिल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लार्ज स्केल पर किये जाएगे। मौके पर मुखिया सोमरा मांझी, सीमा गंझु, शर्मिला देवी , लालू राम उरांव,प्लांट हेड संदीप पाटिल,एच आर हेड अरूण राय,सी एस आर हेड अनिल कुमार सिंह,भरत सिंह , सुरेन्द्र कुमार समेत कई प्लांट के सम्मानित लोग मौजूद थे।

## निमुआ में आयोजित मेले में नर्तकी नाच व मुर्गा लड़ाई बने आकर्षण का केंद्र



**मुरीः** निमुआ( राजागोडा) में एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। यह मेला प्रत्येक वर्ष स्व देवेन्द्र महतो और महेंद्र महतो की स्मृति में लगाया जाता है। इस मेले में फुटबॉल व मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ,लेकिन सबसे आकर्षक नर्तकी नाच था। बुण्डू की सरस्वती देवी के साथ कमलनाथ मांझी ने काफी आकर्षक ढंग से नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राजा पुष्पेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि अनगड़ा मुखिया रामानंद बेदिया, कांग्रेस के कार्तिक महतो, मुखिया सोमरा मांझी उपस्थित थे। फुटबॉल प्रतियोगिता में सारजमडीह फुटबॉल टीम ने मारदु को हरा कर विजयी हुआ।उप विजेता टीम को कार्तिक महतो एवं विजेता टीम को रामानंद बेदिया ने पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। खेल का संचालन मो फारूक ने किया। खेल को लेकर रामानंद बेदिया ने कहा कि निमुआ के ग्राउंड से खिलाडी नेशनल लेवल तक जाए, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।आने वाला दिन में इस गांव से अच्छे खिलाड़ी की काफी संभावनाएं हैं। मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता में भी काफी लोगों ने उत्साहित होकर देखने पहुंचे।इसे सफल बनाने में पाण्डव महतो,प्राण मुंडा, शम्भू, रंजीत,बिरेन,संजीत, अजीत,रवि, फलाहारी,दिलु सुनील, करमचंद,धर्मनाथ,सोहराय, विश्वनाथ, राजकिशोर, कमलेश,डब्लु,दशरथ का सराहनीय योगदान रहा।

## धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना शिबू सोरेन का जन्मदिन

### झारखंड राज्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षों की देन हैः वीरेंद्र पांडेय



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में कल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री, झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष सह वर्तमान राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का 81 वाँ जन्मदिन बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास कोडरमा जिले के इंदरवा पंचायत भवन मैदान में मनाया गया। सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के फोटो के सामने केक काटा गया। सभी कार्यकताओं ने जन्मदिन कार्यक्रम में एक सुर हैप्पी बर्थडे टू दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन कहकर जन्मदिन का बधाई एवं शुभकामनाएं दिया तथा उनके फोटो पर केक खिलाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि राज्य के निमार्ता पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन धूमधाम के साथ गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच मनाया गया। शिबू सोरेन ने इस राज्य के लिए बहुत कुछ किया है जो कभी नहीं बुलाया जा सकता है आज यह झारखंड हम लोगों को मिला है यह उन्हीं के संघर्षों का देन है साथ उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया. और अन्य दल से आए हुए लोगों को पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया गया। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव ने जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा झारखंड में जो कुछ है वह शिबू सोरेन की वजह से उन्होंने झारखंड राज्य को अलग करने के लिए आंदोलन किया है उसी का परिणाम है कि यह झारखंड राज्य हम सभी को मिला है। जन्मदिन कार्यक्रम को संयुक्त रूप से जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार व केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता ने कहा कि आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है क्योंकि आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन है हम लोग आज उन्हीं के जन्मदिन को बड़े खुशियों के साथ मना रहे हैं क्योंकि शिबू सोरेन ने इस राज्य के लिए नहीं बल्कि गरीब पिछड़े जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत कुछ किया है जो कभी भी भूलाया नहीं जा सकता है उन्होंने रात दिन इस राज की लड़ाई लड़ने के लिए जंगल पहाड़ों में बीता हैं तभी यह झारखंड राज्य हम लोगों को मिला है जिस समय लोग इस राज्य का सपना तक नहीं देखे थे उसे समय हमारे अभिभावक शिबू सोरेन ने इस राज्य का सपना देखा था। मौके पर पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य उमेश राम, संदीप पाण्डेय, रामेश्वर यादव, उमेश यादव, वासुदेव यादव, चंद्रदेव यादव, बैजनाथ यादव एवं दर्जनों महिला पुरुष व अन्य उपस्थित थे।

### जेएमएम ने रघुवर दास पर साधा निशाना

# हेमंत की गेंद पर आउट हो चुके खिलाड़ी को लेकर आयी भाजपा

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बीजेपी में शामिल हो गए हैं। इस पर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के बाउंसर बॉल से घायल होकर रघुवर दास भुवनेश्वर राजभवन चले गए। उन्होंने कहा कि भाजपा हेमंत की गेंद पर आउट हो चुके खिलाड़ी को लेकर आई है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने आगे कहा कि बीजेपी के ही सदस्य को दोबारा सदस्य बनाया गया। अब बीजेपी से पांच सीएम है जबकि चार सीएम तो सिर्फ कोल्हान से हैं, लेकिन एक पूर्व सीएम (चंपई सोरेन) इस समारोह में शामिल नहीं हुए। समारोह में साफ- साफ दिखाई दिया कि किस तरह से बीजेपी के नेता में उदासी छाई हुई थी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि



रघुवर दास ने कहा, पांच माह सरकार को देखेंगे उसके बाद सड़क पर उतरेंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उधर बाबूलाल मरांडी हनीमून में हैं, इनके आने से क्या हुआ यह सबके सामने हैं।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्रीय कोयला मंत्री ने हमारे राज्य का बकाया पैसे को माना है और कहा भी इसके लिए हमने एक कमेटी बनाई है। सीसीएल का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाकर हमारे ऊपर एहसान नहीं कर रहे है क्योंकि जमीन हमारी है। आपका जो फर्ज है उसे कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि आज भाजपा कितनी डरी सहमी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बीजेपी को अपना विधायक दल का नेता खोजना पड़ेगा। इनको मिल ही नहीं रहा है, आस लगाकर हमारे सीपी सिंह, बाबूलाल बैठे हुए हैं।

### विधायक ने किया सुनील महतो स्टेडियम का निरीक्षण

# शहीद का नाम मिटाकर मानभूम छऊ नृत्य का बोर्ड देख भड़के कहा- होगी कार्रवाई



संवाददाता

**सिल्ली :** विधायक अमित महतो अपने कार्यकर्ता संग शहीद सुनील महतो की 59वीं जयंती पर सिल्ली स्थित सुनील महतो स्ट्रो टर्फ स्टेडियम पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि शहीद सुनील महतो प्रेरणा के स्रोत हैं। इस दौरान विधायक ने स्टेडियम परिसर का निरीक्षण किया. श्री महतो ने कहा शहीद सुनील महतो प्रेरणा के स्रोत है इस स्टेडियम का नाम शहीद सुनील महतो स्टेडियम तत्कालीन कृषि मंत्री नलीन सोरेन और भू राजस्व मंत्री दुलाल भुईया ने रखा है सरकार द्वारा नामांकरण किया गया है लेकिन कुछ तथाकथित लोगों ने शहीद सुनील महतो के नाम को मिटा कर बड़े बड़े अक्षरों में मानभूम छऊ नत्य कला केंद्र लिखा है अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया है. जो शोभा नही देता है हम चाहते है ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हो,क्योंकि यह सरकारी संपत्ति है किसी का व्यक्तिगत नहीं, निःसंकोच क्षेत्र के बच्चे यहां खेले और अपनी प्रतिभाओं पर निखार लाये ताकि खेल जगत में क्षेत्र के साथ-साथ देश विदेश में क्षेत्र का नाम रोशन हो। विधायक ने बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों से स्तिथि की जानकारी ली. कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी लोकप्रिय सरकार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति देने का प्रावधान लायी है प्रयास करें इसका लाभ आपलोग भी लें सके। मौके पर जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, झामुमो नेता राधिका महतो, मो फखरुद्दीन अंसारी, फलारी महतो, अजित महतो ,भगीरथ महतो, शुभम सोनार ,रामप्रसाद महतो, इमाम अंसारी ,प्रकाश कोईरी, गोकुल महतो ,महेश महतो, बिन्देश्वर महतो ,संजय महतो, अखिलेश कुम्हार, विजय साव ,संतोष महली, मो नौशाद, करमा महतो, शुशेन महतो ,इरशाद सिद्दीकी ,बप्पी महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता



**कोडरमाः** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद जी के शैक्षिक एवं सामाजिक दर्शन का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं पर प्रभाव प्रकरण पर भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत, सभी सहायक प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी आधुनिक युग के युवाओं के पथप्रदर्शक है। हमें उनके आध्यात्मिक एवं शैक्षिक दर्शन को आत्मसात कर अपने जीवन को उत्कृष्ट बना सकते हैं। तत्पश्चात भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी प्रशिक्षुओं ने संबंधित प्रकरण पर विस्तृत रूप विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में बी. एड. सत्र 2024- 26 के प्रशिक्षु रवीना कुमारी ने प्रथम, अन्ना श्री ने द्वितीय एवं दीप्ति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा एवं संजीत कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके प्रयासों को सराहना किए साथ ही सफल एवं खुशहाल जीवन हेतु स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए विविध उपदेशों पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2024- 26 के सभी प्रशिक्षु बुशरा अशरफ, ट्विंकल कुमारी, द्रोपती कुमारी, स्मिता रंजन, ज्योति कुमारी, दीपा नाथ, मधु कुमारी, सुलेखा कुमारी, प्रिया रॉय, नंदनी कुमारी, रंजीत कुमार, संजीव कुमार, कुणाल कुमार, आलोक कुमार, रोहित कुमार रौशन, मिथुन कुमार यादव, राजीव रंजन, बलराम कुमार, दिनेश पंडित,बिपिन सचदेव आदि,सभी सहायक प्राध्यापक डॉ पंकज कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, स्वर्ण सिंह, डॉ पूजा कुमारी, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार एवं अन्य सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी दीपक कुमार पाण्डेय, रोहित कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु पारुल कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन शैक्षणिक समन्वयक, सौरभ शर्मा ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान एवं

# सुरक्षित बचपन दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन



मेट्रो रेज संवाददाता

- बालिका कबड्डी में बनपोक व बालिका फुटबॉल में बेंदी बनी विजेता
- बालक फुटबॉल में बुच्चीटांड़ विजेता व बेंदी उप विजेता

**कोडरमाः** जिले के डोमचांच प्रखण्ड के चन्द्रावती स्मारक विद्यालय खेल मैदान में विभिन्न गांवों में गठित बाल पंचायतों के के द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर साल मनाये जा रहे 'सुरक्षित बचपन दिवस' के अवसर पर किया गया. खेल प्रतियोगिता का सुभारम्भ डोमचांच प्रखण्ड प्रमुख सत्यनारायण यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला कुमार पांडेय बाल पंचायत के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से फुटबॉल में किक मार कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए सत्यनारायण यादव ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताओ के आयोजन से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र की बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षा एवं खेल बच्चों का सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम है। खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में समाजसेवी कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि सुरक्षित बचपन दिवस के अवसर पर आयोजित इन खेल प्रतियोगिताओ के माध्यम से बालिकाओं में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होगी। बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल व्यापार जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ ये बालिकाएं न सिर्फ आवाज उठा रहीं हैं बल्कि इसकी रोकथाम भी कर रहें हैं। सवैयाटाँड़ ग्राम पंचायत के मुखिया नारायण सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल खेलने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है जो स्वस्थ्य और खुशहाल समाज बनाने की नीवं होता है. चाइल्ड लेबर फ्री माइका कार्यक्रम के समन्वयक मनोज कुमार ने बताया की खेल प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के विभिन्न बाल मित्र ग्रामों से फुटबॉल और कबड्डी टीम की बालिकाओं एवं बालको की टीमो ने हिस्सा लिया है। इस खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल कौशल का विकास करने के साथ-साथ उन्हें समाज फैली बच्चों से जुड़ी अपराधो को समाप्त करने के लिए नृतेत्व कारी भूमिका लाना है। सुरक्षित बचपन दिवस पर आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में कबड्डी में बनपोक की टीम विजेता व काराखुट की टीम उप विजेता रही वहीं बालिका वर्ग के फुटबॉल में बेंदी एवं बालक वर्ग में बुच्चीटाँड़ की टीम विजेता व बेंदी की टीम उप विजेता रही। मौके पर डोमचांच प्रखंड के प्रमुख सत्यनारायण यादव, रजौली प्रखंड के उप प्रमुख बिनोद राजवंसी, समाजसेवी कृष्णा सिंह, भगीरथ सिंह, राजेश सिंह, पंचायत समिति बैजंती देवी बाल मित्र ग्राम की बालिकाएं व बालको सहित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन से चन्दन कुमार, दीपक राणा, महेश सिंह, सुबोध कुमार, अफजल अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का 71वां जन्मदिवस सुरक्षित बचपन दिवस के रूप में मनाया गया



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** जिले के डोमचांच, कोडरमा और चंदवारा प्रखंड अंतर्गत संचालित बाल मित्र ग्रामों में नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के सानिध्य में संचालित बाल मित्र ग्रामों में उनके 71 वें जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने केक काटे और उनकी कुशलता तथा लंबे उम्र की कामना करते हुए बधाई संदेश प्रेषित किया। सुरक्षित बचपन दिवस के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश्य इनके द्वारा बच्चों के प्रति अपार स्नेह, त्याग और बलिदान के कारण इनका जन्मदिवस बच्चों को समर्पित कर मनाया जाता है। इनके द्वारा किए गए संघर्षों, बंधुआ मजदूरी उन्मूलन हो या शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण बदलाव लाने और सामाजिक बुराइयों खासकर बाल शोषण के सभी रूपों के प्रति विरोध की मुखरता और तत्परता इसके उदाहरण हैं। बाल मित्र ग्राम गैठीबाद में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के द्वारा केक काटकर किया गया। बाल पंचायत के बच्चों ने नृत्य, गीत, संगीत विधा में भाग लेकर मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता, उपविजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एकल नृत्य में बाल मित्र ग्राम पिपरे के नेहा कुमारी ने प्रथम, समूह नृत्य में बाल मित्र ग्राम गैठीबाद के मुस्कान टीम के बच्चों ने बाजी मारी, गीत में बाल मित्र ग्राम गैठीबाद के आयुष कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने चार्ट पेपर पर लिखित बधाई संदेश के माध्यम से कैलाश सत्यार्थी जी को 71 वें जन्मदिवस की बधाई दी। बाल मित्र ग्राम महुआदोहर, रेघवाटांड,चौराही, रोहनियाटांड, फुलवरिया, नावाडीह हरिजनटोला, श्रीनगर, गैठीबाद, पिपरे और डूमरडीहा बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत के बच्चों ने केक काटकर सुरक्षित बचपन दिवस को मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल मित्र ग्रामों के बाल पंचायत के दीपक कुमार, अमन कुमार, हेमंती कुमारी, रानी कुमारी, रीतिका कुमारी, काजल कुमारी, करिश्मा कुमारी, मनीषा कुमारी व संगठन के निकिता, कृष्णा, अमन व अमित कुमार का अहम योगदान रहा।

## न्यायालय के आदेश के बाद एसबीआई के पदाधिकारियों में मचा हड़कंप, हुए फरार

मेट्रो रेज संवाददाता



**डोमचांचः** भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच शाखा के करनामे ने पूरे भारत के बैंकिंग सेक्टर को हिला कर रख दिया है। बताते चलें कि ग्राहक रामकृष्ण मेहता अपने परिवार के भरण पोषण के लिए 12 चक्का ट्रक भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच से 20,70000 हजार वित्त प्रदत जनवरी 2013 में कराया था. लोन के एवज में बैंक को ग्राहक रामकृष्ण मेहता ने 25,64,026 रुपया भुगतान कर दिया। फिर भी भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच शाखा बिना सूचना के 12 चक्का ट्रक संख्या जेएच 12 एफ 0154 को 23 दिसंबर 2016 को जब्त कर लिया। जब्त करने के बाद ग्राहक रामकृष्ण मेहता न्यायालय जिला उपभोक्ता फॉर्म कोडरमा के शरण में इंसाफ के लिए जनवरी 2017 में गए। जिसका परिवाद वाद संख्या 4/ 2017 है तो बैंक उक्त वाद से बचने के लिए रामकृष्ण मेहता के ऊपर जिला नीलाम न्यायालय में सर्टिफिकेट वाद मई 2017 में दायर कर दिया। जिसका नीलाम पत्र वाद संख्या 20/ 2017- 18 शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच बनाम रामकृष्ण मेहता है। न्यायालय जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कोडरमा एवं न्यायालय जिला उपभोक्ता फोरम में मामला विचार अधीन रहते हुए गाड़ी को बैंक द्वारा बेच दिया। कानून के जानकार विद्वान अधिवक्ता कहते हैं कि जब मामला न्यायालय में विचार अधीन है तो गाड़ी को कैसे बेच दिया? जबकि परिवाद संख्या 4/ 2017 में न्यायालय का फैसला ग्राहक रामकृष्ण मेहता के पक्ष में आया। बैंक को दोषी ठहराते हुए बैंक के ऊपर 25000 का जुर्माना एवं गाड़ी छोड़ने का आदेश है दिया। फैसले के आदेश के खिलाफ बैंक राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण रांची के न्यायालय में भी अपील दायर किया। जो अपील 30 नवंबर 2022 को खारिज हो गया। न्यायालय नीलम पत्र पदाधिकारी कोडरमा के न्यायालय में चल रहे नीलाम वाद मे बैंक को दोषी ठहराते हुए रामकृष्ण मेहता के ऊपर लाया गया नीलाम पत्र वाद को खारिज कर दिए। नीलाम पत्र पदाधिकारी ने आदेश दिया कि जब्त के समय जिस हालत में गाड़ी था. उसी हालत में 12 चक्का गाड़ी जेएच 12 एफ 0154 रामकृष्ण मेहता को वापस किया जाए। न्यायालय के नीलम पत्र वाद संख्या 20/ 017- 18 शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच बनाम रामकृष्ण मेहता में न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अनुपालन बैंक द्वारा समय सीमा के भीतर नहीं किया गया। तब न्यायालय का आदेश का अनुपालन करवाने के लिए न्यायालय अग्रणी जिला प्रबंधक कोडरमा एवं महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक पटना को 28 दिसंबर 2021 को लिखित सूचना दिया। लेकिन बैंक के वरीय पदाधिकारी के कान पर तक जू नहीं रेंगा। जिसके कारण भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच द्वारा दूसरे ग्राहक पर नीलाम शाखा में सर्टिफिकेट वाद किया वह सभी सर्टिफिकेट वाद को 31 जनवरी 2022 को वापस कर दिया। आज भी न्यायालय नीलम शाखा कोडरमा में भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच का सर्टिफिकेट वाद नहीं लिया जाता है। इधर जिला उपभोक्ता फोरम कोडरमा के आदेश का अनुपालन नहीं करने के कारण माननीय न्यायालय जिला उपभोक्ता फोरम कोडरमा के इजराय वाद संख्या 11/ 2017 में बैंक के खिलाफ डी डब्लू वारंट भी जारी है। गिरफ्तारी के डर से बैंक मैनेजर 10 जनवरी से फरार चल रहे हैं।

# आधार कार्ड बनवाने गयी दो बहनों का अपहरण

मेट्रो रेज



**रांची :** राजधानी रांची से एक सनसनीखेज अपहरण का मामला सामने आया है। जिले के हिंदपीढ़ी इलाके में रहने वाली दो नाबालिग लड़कियों का शनिवार को अपहरण कर लिया गया। दोनों बहनें आधार कार्ड बनवाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन वापस घर नहीं आयीं।

पिता ने बताया कि शनिवार को उनकी दोनों बेटियां मंगल टॉवर में आधार कार्ड बनवाने गई थीं। इसके बाद, दोपहर करीब 1:00 बजे दोनों ने ऑटो चालक से हिंदपीढ़ी जाने की बात की, लेकिन चालक ने उन्हें हिंदपीढ़ी नहीं ले जाकर किसी अज्ञात स्थान की ओर ले जाना शुरू कर दिया। जब लड़कियों को संदेह हुआ, तो उन्होंने अपने पिता को फोन किया। फोन पर बात करते वक्त अचानक चालक ने लड़कियों से उनका फोन छीन लिया, जिससे परिजन और चिंतित हो गए।

लड़कियों के पिता ने तुरंत इस मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद, सदर थाना, हिंदपीढ़ी पुलिस और खादगढ़ा टीओपी की पुलिस ने लड़कियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को जानकारी मिली कि लड़कियों की लोकेशन ओरमांझी इलाके में पाई गई। इसके बाद, देर शाम पुलिस ने ओरमांझी में छापेमारी की, लेकिन लड़कियों का कोई सुराग नहीं मिला। जल्द ही अपहृत लड़कियों को सुरक्षित वापस लाने की कोशिश की जा रही है।

## समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित जेसीआई उड़ान : अदिति मेवाड़ा



**रांची:** सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित ख्यातिप्राप्त गैर-सरकारी संस्था जेसीआई उड़ान रांची की उपलब्धियों में नित नए आयाम जुड़ रहे हैं। संस्था के स्थापना काल से ही जेसीआई उड़ान रांची के पदधारियों व सदस्यों द्वारा पीड़ित मानवता के सेवार्थ समर्पित भाव से कार्य किए जा रहे हैं। संस्था की पास्ट प्रेसिडेंट (पूर्व अध्यक्ष) अनिता अग्रवाल व इमिडिएट पास्ट प्रेसिडेंट (निवर्तमान अध्यक्ष) ट्विंकल छावनिका ने बताया कि जेसीआई उड़ान सामाजिक सरोकारों को लेकर सदैव सक्रिय है। गरीबों, जरुरतमंदों व समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं।

# रामलला के प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने किया विशाल भंडारे का आयोजन



मेट्रो रेज

**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब ने अयोध्या के रामलला के प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर में अटूट भंडारा का आयोजन किया । इस दौरान लोगों के बीच खीर, पूरी, सब्जी, खिचड़ी, चिप्स, हलवा चना, बुंदिया व आचार बांटा गया।श्रद्धांलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही मंदिर में सुबह से पूजा-अर्चना की गयी। करीब 9000 वालों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम कों सफल बनाने में समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, शंकर दुबे,लल्लू सिंह, कुमार राजा, दीनदयाल सिंह, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, गणेश सिंह, राहुल सिंह, प्रिंस मेहता,गोपाल पारीक, दिलीप गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, महेश चंद्र,विशाल कृष्णा, सतीश सिंह,आकाश रजक, नमन भारतीय, रूपक जायसवाल,सौरभ राय, नितेश मिश्रा,संतोष सिंह एवं संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकरी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

# अफीम की खेती मामले में तीन गिरफ्तार

मेट्रो रेज



**रांची :** राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले में अफीम की खेती पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जहां सोयको थाना क्षेत्र के रोंगो गांव के ग्राम प्रधान साइमन नाग समेत तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी अफीम की खेती करने के मामले में हुई है। इनमें अड़की थाना क्षेत्र के मोसंगा गांव से बिरखोद्दार मुंडा और तिलई पीड़ी निवासी से बुधु मुंडा भी शामिल हैं।

क्या कहते हैं एसपीः इसका खुलासा खूंटी एसपी अमन कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस में किया है। बताया कि ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी के बाद आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। कई ग्रामीण और मुखिया सोयको थाना पहुंचे और पुलिस के अभियान में सहयोग देने का आश्वासन दिया। कहा कि उनके गांव में जहां भी अफीम की खेती की गई है, उसे नष्ट किया जाएगा। एसपी ने बताया कि पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र के बरकेला गांव के ओदार ओड़ेया और दोचा ओड़ेया को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जागरूकता अभियान और पुलिस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, अब तक ग्रामीणों ने लगभग 150 एकड़ में लगी अफीम की फसल को खुद से नष्ट कर दिया है।

## पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए निपु सिंह, कहा

# पिता ने ईमानदारी और झुकना सीखाया



**रांची:** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री तथा रांची लोकसभा का पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय अर्जुन सिंह की पांचवी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते समय भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें ईमानदारी का पाठ पढ़ाया तथा समाज और देश के सामने झुकना सिखाया ।

श्री सिंह ने अपने आवास बूटी मोड़ पर अपने पिता की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक ईमानदार पिता का पुत्र होने पर गर्व है मुझे । कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं उसमे मेरे पिता का बहुत बड़ा योगदान है । पिता ने कहा था ईमानदारी से बड़ा कोई धन दौलत नहीं है और हमेशा ध्यान देना कि मेरा वजह से किसी का आंसू न निकले और कहते थे कि मनुष्य के साथ-साथ जानवर से भी प्यार करना चाहिए और उसको भी खाना और पानी देना चाहिए। इस मौके पर सैकड़ो से अधिक लोगों ने स्वर्गीय अर्जुन सिंह के तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया ।

## राज्यपाल ने विवेकानंद को दी श्रद्धांजलि



**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श और विचार सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी हैं।

## मिल्लत अकादमी ओल्ड बॉयज वेलफेयर एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**रांची :** राजधानी रांची के कर्बला चौक स्थित गुलशन हाल में मिल्लत अकादमी ओल्ड बॉयज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मरहुम नदीम अख्तर की पहली पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राज्य वक्फ बोर्ड के इबरार अहमद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जमीयतुल एराकीन के सचिव सैयफ आलम, सुल्तान जुबैर,गुड्डु, साजली, मोहम्मद नदिम, मतीऊर रहमान, ओसामा, मोजाहिद सुहैल के मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में युवा, जमीयतुल एराकीन के साथ के जवानों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में।जावेद अख्तर, सैफुल्लाह, नदीम अख्तर, फिरोज अख्तर, आदि शामिल थे। यह कार्यक्रम रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने व जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर इबरार अहमद ने सभी रक्तदाताओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। सभी को इस प्रकार के आयोजन में आगे बढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

# धूमधाम व भव्य तरीके से मना टुसू महोत्सव

## शहर के बीचो-बीच टुसू का महिमा जागरण आवश्यकः देवेंद्र नाथ महतो




**रांची:** झारखंड राज्य पहाड़, पर्वत ,नदी, झरना की गोद में बसा है। यहां के लोग प्रकृति के पूजक हैं। टुसू राज्य में सबसे लंबे समयावधि तक मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज राजधानी रांची शहर के बीचो-बीच टुसू महोत्सव भव्य तरीके से मनाया गया। मेन रोड अल्बर्ट एक्का चौक में अपने पुरखेनी रीति-रिवाज से देवेंद्र नाथ महतो ने श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय,रांची विश्वविद्यालय और रांची विमेंस कॉलेज के छात्रा एवं शिक्षिका के साथ डीनीयानी टुसू मनी का स्थापना किया गया।

पारम्परिक लाल पाईर के साड़ी और धोती आदि वेशभूषा लोग खुब थिरके। शहर में लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़क में आवाजाही लोग भी रुक कर टुसू संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छौह नाच का लुप्त उठाने लगे। राज्य के कई प्रसिद्ध क्षेत्रीय कलाकार जैसे बब्बन देहाती, श्याम बडाइक, सावित्री कर्मकार, मजबूल खान, इगनेश आदि ने कला एवं संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा पूर्व सांसद महुआ मांझी, तरुण महतो, विजय सिंह, अयूब अली, फुलेसर बैठा, बेरोजगार पवनेश्वर, दमयंती मुंडा,बेबी महतो,रूपा महतो, रूपेश विराट, अर्जुन रजवार, सूरज नारायण महतो, राजू चैड़ी आदि हजारों लोग जूटे। टुसू स्थापना- पुरखैनी रीति रिवाज नैगाचारी कुंवारी कन्या माता बहनों ने गुड्डी,अरवा चावल,साल पत्ता का दोना, सिंदूर, काजल, गोबर, सरवा, दिया, दूब घास, गुलांची फूल गेंदा फूल, जोबा फुल आदि सामग्रियों के साथ डीनीयानी टुसूमनी का सेवन (आराधना) किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक गीत के साथ सामूहिक रूप से स्थापना किया गया।

राजधानी टुसू महोत्सव के आयोजक देवेंद्र नाथ महतो ने मीडिया से वार्ता में बताया कि राज्य की इस टुसू पर्व के महिमा जागरण के लिए राजधानी रांची शहर की बीचो-बीच पूर्व वर्ष से ही 11 जनवरी को मनाया जा रहा है। हम अपने क्षेत्रीय रीति रिवाज भाषा सभ्यता और संस्कृति के लिए इसे और भी बृहद रूप से मनाने का काम करेंगे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी विवेकानंद की जयंती

# अपना लक्ष्य निर्धारित करें युवाः डॉ अजीत सिन्हा

### विवेकानंद व्यक्ति नहीं पहचान हैं- डॉ अर्चना दुबे

मेट्रो रेज




**रांची:** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना( एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की 163 वां जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए विकसित भारत के निर्माण में स्वामी विवेकानंद के विचार विषय पर संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आर यू के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन विभाग के सभागार में मानविकी संकाय के अध्यक्ष डॉ अर्चना दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर अतिथियों एवं एन एस एस के स्वयंसेवकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर यू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि अपने लक्ष्य का निर्धारण प्रत्येक युवा को निश्चित करनी चाहिए जो स्वामी जी के विचारों में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं गुरु शिष्य परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने भाषा, संस्कृति एवं संस्कार अपनाते हुए आगे बढ़े।उन्होंने कहा कि विवेकानंद के विचारों में विकसित भारत की संकल्पना दिखाई पड़ती है एवं प्रत्येक युवा इनके विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ अर्चना दुबे ने कहा कि स्वामी जी सिर्फ एक व्यक्ति नही अपितु भारत के लिए वैश्विक पहचान है तथा उनके आध्यात्मिक , वेदांत, कर्मयोग एवं दर्शन को हमेशा स्मरण रखते हुए सभी को विकसित भारत की दिशा में अग्रसर होना चाहिए।

स्वागत भाषण एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एन एस एस का टीम लीडर अतुल कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मास कॉम के प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार शर्मा ने किया।

कार्यक्रम को आर एल एस वाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो , डॉ रणधीर कुमार ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के टीम लीडर क्रमशः अंकित, कनिष्क, रौनक, रिकेष, क्षणिका, नैंसी, शिवांगी, उदय, अजहर, रिया,नाज, अमित, अदनान, नीरज, अनुष्का, अनिशा, अनुपमा, रानी , हर्षिता , सुमन आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में 16 महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय विभागों से कुल 150 से ज्यादा एन एस एस के स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना
No. EL/50/13/2024-25 Dt. 09.01.2025
उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई – निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. निविदा संख्या : EL/50/13/2024-25 2. कार्य का नाम व स्थान : Repair, Servicing and overhauling of Greaves Cotton make Diesel Alternator Set 500kVA, 750V in Power Cars during POH at carriage workshop Ajmer 3. अनुमानित लागत : Rs. 46398383.68 4 बयाना राशि : Rs. 382000.00 5. ई – निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 18.01.2025 at 11.00 Hrs. एवं ई – निविदा खोलने की तारीख एवं समय : 18.01.2025 at 11.30 Hrs. 6. वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई – निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है: www.ireps.gov.in
42-CR/25
NWRailways NWRailways_

समाहरणालय हजारीबाग
कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई
(समाज कल्याण शाखा)
आम–सूचना



एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक–17.04.2024 को बालक अंकुश कुमार को बड़कागॉव थाना द्वारा बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान में बालक का उम्र– 17 वर्ष लगभग, रंग–गोरा, ऊँचाई–05 फीट 02 इंच, वजन–38.750 किलोग्राम है। बाल कल्याण समिति, हजारीबाग के निदेशानुसार बालक को वर्तमान में बालगृह, जन जागरण केन्द्र, हजारीबाग में आश्रय दिया गया है।

सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त बालक के जैविक माता–पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया इसकी सूचना नीचे अंकित फोन नम्बर या पते पर समाचार पत्र मे प्रकाशन की तिथि से 120 दिनों के अंदर दावा प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गये समय–सीमा के समाप्ति के पश्चात् बालक पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तकग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अंतर्गत बालक को दत्तकग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी रुप से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा।

संपर्क करें :– बाल कल्याण समिति, शहरी बाल विकास परियोजना भवन, पुराना समाहरणालय परिसर, हजारीबाग।
मोबाईल नं– 9955588871, 9852346416, 8709652876, 8340290562, 9905564137,दुरभाष संख्या– 06546.265992

PR 344075 Women, Child Development & Social Security(24-25).D
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग

# रघुवर दास के फिर से सक्रिय राजनीति में शामिल होने से कोल्हान में भाजपा हुई मजबूत

विनय मिश्रा



**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की राजनीति में दूसरी पारी काफी महत्वपूर्ण और दिलचस्प मानी जा रही है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि अविभाजित बिहार के समय से ही पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र से निरंतर चुनाव जीतकर विधायक तथा मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पद तक का सफरतय कर चुके पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास राजनीति में एक दिग्गज राजनेता के साथ-साथ राजनीति में व्यापक रूप से जनाआधार रखने वाले राजनीतिक दिग्गज के रूप में पहचाने जाते हैं।

श्री दास कि यह विशेषता रही है कि वे संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पांच वर्षों तक निरंतर सरकार चलाने वाले प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई।

2014 से लेकर 2019 तक निरंतर मुख्यमंत्री पद पर बने रहे और यही नहीं उन्होंने यह भी रिकॉर्ड बनाया कि अपने मंत्रिमंडल के कुल सदस्यों की संख्या महज मात्र ग्यारह ही रखी जो झारखंड निर्माण के पश्चात पहली बार निर्धारित 12 में से महज 11 मंत्रिमंडल में लोग शामिल किए गए उनके द्वारा झारखंड में किए गए कार्य और पार्टी के जन आधार हेतु निरंतर प्रयास के काफी कारगर रहे थे ।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक परिदृश्य बदलने के पश्चात रघुवर दास को उड़ीसा का महामहिम राज्यपाल बनाये गए किंतु कुछ दिन पूर्व उन्होंने राज्यपाल पद को त्याग कर पुनः भाजपा के राजनीति में सक्रिय होने के लिए 10 जनवरी 2025 को पार्टी के सदस्यता ग्रहण की और इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका भव्य और उत्साह के साथ स्वागत किया इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ,दीपक प्रसाद सहित अन्य पार्टी के दिग्गज नेतागण भी उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के जनाआधार वाले नेता के रूप में अपनी सशक्त पहचान रखने वाले रघुवर दास के पार्टी में पुनः शामिल होने से यह माना जा रहा है कि झारखंड की राजनीति के साथ-साथ कोल्हान में भी भाजपा का जनाधार व्यापक रूप से और बढ़ेगा क्योंकि कोल्हान प्रमंडल से पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास ,मधु कोड़ा, चंपाई सोरेन अर्थात चार-चार पूर्व मुख्यमंत्री इस कोल्हान प्रमंडल की देन है और यह भी कहा जा रहा है कि वर्तमान परिपेक्ष में भाजपा को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापक जनाआधार बनाने के लिए सभी एकजुट है जो राज्य के साथ साथ इस प्रमंडल के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है।

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 108/24–25

26 जनवरी 2025 के अवसर पर नवनिर्मित माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा, रॉंची, झारखण्ड विधान सभा, रॉंची, झालसा, मोराबादी, मैदान, रॉंची एवं अशोक गार्डेन, राजभवन, रॉंची में "AT Home Party & Band Display", एवं अन्य स्थानो पर अस्थायी विद्युतीकरण एवं विद्युत साज–सज्जा के कार्यो हेतु अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्रधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि:– 18.01.2025 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
3. निविदा प्राप्ति का तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–18.01.2025 को 1.00 बजे अपराहण तक विद्युत कार्य प्रण्डल, रॉंची में
4. निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक 18.01.2025 को 2.00 बजे अपराहण विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 500/–, 750/–,1250/–, 2500/– 5000/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR.NO.344103 Energy(24-25):D



# शादियों मे स्टाइल करें टिश्यू सिल्क साड़ियां

शादी का सीजन एकदम नजदीक आ चुका है। कुछ ही दिनों बाद हर जगह बैंड-बाजे की धुन सुनाई लगती है। अगर आपके के घर या किसी करीबी के यहा शादी है और आप एकदम परफेक्ट दिखना चाहती है तो इस आर्टिकल जरुर पढ़ें। ज्यादातर महिलाएं शादियों में साड़ियां पहनती है। अगर आप भी शादी में साड़ी पहनना चाहते हैं, तो आप कॉटन सिल्क और बनारसी सिल्क साड़ी न पहनें। इन साड़ियों को आप काफी ट्राई कर चुके है। अगर आप कुछ हटकर ट्राई करना चाहते हैं, तो आप टिश्यू साड़ियां जरुर पहनें।

## प्रिंट डिजाइन वाली टिश्यू सिल्क साड़ी

अगर आप शादी लुक को बेहतरीन बनाना चाहते हैं, तो आप प्रिंट वाली टिश्यू सिल्क साड़ी को वियर कर सकते हैं। इस साड़ी में आपका लुक काफी अट्रैक्टिव लगेगा। साड़ी में आपको बॉर्डर और प्रिंट दोनों तरह के डिजाइन मिल जाएगा। मार्केट में आपको इस तरह की साड़ियां मिल जाएगी।

## प्लेन डिजाइन वाली टिश्यू सिल्क साड़ी

अगर आप सिंपल लुक चाहते हैं तो आप प्लेन डिजाइन वाली टिश्यू सिल्क साड़ी को स्टाइल जरुर करें। यह साड़ी पहनकर आपका लुक एकदम परफेक्ट दिखेगा और अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस साड़ी के साथ आप स्टोन वाली ज्वेलरी और हैवी मेकअप लुक को क्रिएट किया है।

## बॉर्डर वर्क वाली टिश्यू सिल्क साड़ी

शादी में आप सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनाना चाहती हैं, तो आप बॉर्डर वर्क वाली टिश्यू सिल्क साडियां जरुर पहनें। इस तरह की साड़ियां सबसे सुंदर और रॉयल लुक देती है। यह साड़ी आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी। इसके साथ ही आप मैचिंग ज्वेलरी भी खरीद लें।

# रात भर शहद डुबाकर रख दें ये 2 ड्राई फ्रूट, फिर देखें चमत्कार शरीर रहेगा ताकतवर

खराब जीवनशैली और गलत खानपान के कारण आजकल के लोगों का शरीर खोखला होता जा रहा है। अत्याधिक जंक फूड के सेवन करना या फिर एक्सरसाइज न करने से मनुष्य का शरीर कमजोर होता जा रहा है। कई बार पोषण की कमी से शरीर कुपोषित हो जाता है। इसलिए पर्याप्त न्यूट्रिशन लेने के लिए रात भर शहद में ये 2 ड्राई फ्रूट को डुबोकर रख दें फिर अगले दिन इसके सेवन से गजब के फायदे मिलते हैं। चलिए आपको इसके फायदे बताते हैं।

## खाने के बाद से ही दिखेगा असर

आजकल ज्यादातर लोगों में कमजोरी, स्टेमिना में कमी, थकान रहती हैं उन लोगों को काजू-बादाम शहद में भिगोकर खाना चाहिए। एक्सपर्ट के मुताबिक, यह एक शक्तिशाली उपाय है, जिस दिन से यह आप खाना शुरू करेंगे, उसी दिन से असर दिखेगा।

## पूरे दिन ताकतवर रहेंगे

शहद में डुबे हुए ड्राई फ्रूट्स खाने से मसल्स को ताकत मिलती है। बादाम के हेल्दी फैट, काजू का नेचुरल शुगर और शहद के गुण मिलाकर इसका लेवल बढ़ाते हैं। इसे खाने के बाद स्टेमिना के लेवल अच्छे से बढ़ता है।

## लो ब्लड शुगर में रामबाण

जिन लोगों का ब्लड शुगर लेवल कम रहता है तो ठीक नहीं माना जाता है। ऐसे लोगों को मीठा खाने की सलाह दी जाती है। शहद में भीगे हुए बादाम-काजू खाने से नेचुरल शुगर मिलती है। जिससे ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है।


## विटामिन-मिनरल्स का भंडार

आमतौर पर ड्राई फ्रूट्स में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन बी, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, ओमेगा 3 मिलता है। शहद के अंदर भी ऐसे शक्तिशाली तत्वों पाए जाते हैं। हाई ब्लड प्रेशर को कम करता है।

## शहद में कैसे भिगोएं बादाम-काजू?

इसके लिए रात को 3 बादाम की गिरी और 3 काजू को 1 चम्मच शहद में रातभर के लिए अच्छे डुबों दें और सुबह खाली पेट खाएं। वहीं, जिन लोगों को ड्राई फ्रूट से एलर्जी या डायबिटीज हो, वो इसका प्रयोग न करें।

**डिस्क्लेमर : इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।**



# रॉयल लुक पाने के लिए पहनें लेयर नेकलेस सेट

भारतीय महिलाओं को साड़ी पहनना पसंद होता है और इसमे लुक भी काफी अच्छा लगता है। साड़ी के साथ किसी भी तरह की ज्वेलरी स्टाइल करते हैं, तो लुक में एक ग्रेस एड हो जाता है। वहीं आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। आप लेयर नेकलेस के अलग-अलग डिजाइन वाले सेट ट्राई कर सकती हैं। इससे आपका लुक सुंदर नजर आएगा। वहीं इस तरह के नेकलेस में आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि साड़ी के साथ आप किस तरह की डिजाइन वाले सेट ट्राई कर सकती हैं।

**रानी हार डिजाइन वाला लेयर नेकलेस**

अगर आप भी अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो रानी हार डिजाइन वाला लेयर नेकलेस स्टाइल कर सकती हैं। यह पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इस सेट को साड़ी के साथ पहनने से आप रॉयल लुक क्रिएट कर सकते हैं। इस नेकलेस में पेंडेट दो लेयर में मिलता है। वहीं इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स और मांग टीका मिलता है। मार्केट में आपको इस तरह के सेट 200-300 रुपए में मिल जाएंगे।

**मोती वाला लेयर नेकलेस सेट**

मोती वाला लेयर नेकलेस सेट सिल्क साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह सेट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इसके ऊपर ब्रोच का डिजाइन होता है। यह पूरी माला आपको डबल कलर के शेड में मिलेगा। मार्केट में आपको इस तरह का सेट 100-200 रुपए में आसानी से मिल जाएंगे। आप इस तरह के सेट के साथ इयररिंग्स और रिंग भी खरीदकर स्टाइल कर सकते हैं।

**कुंदन वर्क लेयर नेकलेस सेट**

अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए कुंदन वर्क लेयर नेकलेस पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक महारानी जैसा लगेगा। आपको अलग-अलग कलर और डिजाइन में मार्केट में आपको इस तरह का नेकलेस सेट मिल जाएगा। इसके साथ आपको इयररिंग्स और मांग टीका भी मिल जाएगा। इससे आपका लुक बेहद सुंदर नजर आएगा। मार्केट में आपको इस तरह के सेट 300 से 400 रुपए तक में मिल जाएंगे।

# मिट्टी में मिलाएंगे गुड़ तो नहीं लगेंगी चीटियां, पौधे की अच्छे से होगी ग्रोथ

बहुत सारे को लोगों को गार्डनिंग का शौक होता है। ऐसे लोगों का सबसे ज्यादा फोकस पौधे पर होता है। लेकिन जब पतियां पीली दिखने लगें, या फूल न आएं, तो लोग परेशान हो जाते हैं। लेकिन कई बार लोग इसकी असली वजह नहीं समझ पाते हैं। क्योंकि मिट्टी को सभी पोषक तत्व नहीं मिलने के कारण पौधा सही तरीके से ग्रोथ नहीं कर पाता है। इसलिए पौधों की देखभाल के लिए मिट्टी को पोषण देने की आवश्यकता होती है।



ऐसे में आप मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए गुण का इस्तेमाल कर सकते हैं। गुण में फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, लौह, जिंक, कैल्शियम, पोटैशियम, तांबा, फॉलिक एसिड जैसे तत्व पाए जाते हैं। गुड़ के तत्व का फायदा मिट्टी को भी मिलता है। हालांकि कुछ लोगों का सोचना है कि गुड़ को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी में चीटियां हो सकती हैं। लेकिन बता दें कि अगर आप सही तरीके से मिट्टी में गुड़ मिलाते हैं, तो यह मिट्टी के लिए अमृत की तरह काम करता है।

## कितना गुड़ लें

अगर आप भी पौधों के लिए गुड़ का इस्तेमाल करने की सोच रहे हैं, तो आपको इसकी क्वांटिटी बहुत कम रखनी है। 15 से 20 ग्राम गुड़ को एक लीटर पानी में डिजॉल्व करना है। फिर इस लिक्विड को महीने में करीब 100' आप हर एक पौधे में डाल सकते हैं।

## मिट्टी को मिलता है फायदा

- बता दें कि यह नेचुरल सॉइल कंडीशनर के रूप में काम करता है।
- गुड़ डालने से मिट्टी का टेक्सचर काफी अच्छा हो जाता है।
- गुड़ में मौजूद माइक्रो मिट्टी की फर्टिलिटी को बढ़ाने का काम करता है।
- गोबर की खाद और कंपोज में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- गुड़ के अंगर पौटेशियम और आयरन होने से पौधे को भी इसका फायदा मिलता है।

# कला, स्थापत्य और भारतीय संस्कृति के प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है सांची


भारत का इतिहास और संस्कृति विश्वभर में प्रसिद्ध है, और इस सांस्कृतिक धरोहर का एक अद्वितीय उदाहरण मध्यप्रदेश के सांची में देखने को मिलता है। सांची एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी प्राचीन स्तूपों, मठों, और बौद्ध अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है और यहाँ के ऐतिहासिक स्मारक भारतीय स्थापत्य कला और संस्कृति के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। सांची को यूनेस्को द्वारा 1989 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई थी, जो इसे और भी खास बनाता है।

**सांची का इतिहास**

सांची का इतिहास बहुत ही प्राचीन है और यह बौद्ध धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल रहा है। यहाँ स्थित सांची स्तूप को सम्राट अशोक ने तीसरी शताबदी ईसा पूर्व में बनवाया था। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म को प्रचारित करने के लिए सांची को एक प्रमुख स्थल के रूप में विकसित किया था। इसके अलावा, यहाँ के अन्य स्तूप, मठ, और विहार भी बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार से जुड़े हुए हैं। सांची का इतिहास भारत के प्राचीन धर्म और संस्कृति को दशार्ता है, और यहाँ के स्मारक बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण केंद्र माने जाते हैं।

**सांची के प्रमुख आकर्षण**

**सांची स्तूप :** सांची का प्रमुख आकर्षण सांची स्तूप है, जिसे सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल के दौरान बनवाया था।



यह स्तूप बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है और इसे विश्वभर से श्रद्धालु और पर्यटक देखने आते हैं। स्तूप की दीवारों पर बौद्ध धर्म से संबंधित चित्रण और उकेरे गए दृश्य अत्यंत प्रसिद्ध हैं। यह स्तूप बुद्ध की जीवन गाथाओं को चित्रित करता है और इसे भारतीय स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है।

**विक्रमादित्य का स्तूप :** यह स्तूप सांची के प्रमुख स्तूपों में से एक है और इसमें बुद्ध के अवशेष रखे गए थे। इसे विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है। यह स्तूप संरचनात्मक रूप से बहुत आकर्षक है और यहाँ की दीवारों पर बौद्ध धर्म के प्रतीकों और चित्रों को देखा जा सकता है।

**अशोक स्तंभ :** सांची में सम्राट अशोक द्वारा स्थापित एक विशाल स्तंभ स्थित है, जो बौद्ध धर्म के प्रचार और सम्राट अशोक के धार्मिक योगदान को दशार्ता है। इस स्तंभ पर अशोक के शिलालेख उकेरे गए हैं, जो उस समय के शासन और बौद्ध धर्म के प्रति उनके समर्पण को व्यक्त करते हैं।

**विहार और मठः** सांची में कई मठ और विहार भी हैं, जो प्राचीन बौद्ध साधकों और भिक्षुओं के रहने के स्थल रहे हैं। इन मठों और विहारों का स्थापत्य और धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। यहाँ पर बौद्ध धर्म के अनुयायी ध्यान और साधना करते थे।

**सांची संग्रहालय :** सांची संग्रहालय बौद्ध कला और संस्कृति का एक प्रमुख स्थल है। इस संग्रहालय में सांची से प्राप्त प्राचीन मूर्तियाँ, स्तूपों के अवशेष, शिलालेख और अन्य धार्मिक वस्तुएं प्रदर्शित की जाती हैं। यहाँ आकर पर्यटक सांची के ऐतिहासिक महत्व को गहरे से समझ सकते हैं।

उदयगिरी गुफाएँ : सांची से कुछ किलोमीटर दूर स्थित उदयगिरी गुफाएँ प्राचीन हिन्दू और बौद्ध कला के अद्भुत उदाहरण हैं। ये गुफाएँ भगवान विष्णु, शिव और बुद्ध के अद्वितीय चित्रण से सुसज्जित हैं।

## सांची का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

सांची का धार्मिक महत्व विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यधिक है। सम्राट अशोक द्वारा स्थापित स्तूप और अन्य स्मारक बौद्ध धर्म के आस्था और अनुशासन के प्रतीक माने जाते हैं। सांची न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह भारतीय कला, स्थापत्य, और संस्कृति का भी प्रमुख केंद्र है। यहाँ की वास्तुकला और मूर्तियों में उस समय की सामाजिक और धार्मिक जीवनशैली का चित्रण किया गया है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति के अध्ययन में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सांची कैसे पहुंचें?

वायु मार्ग : सांची का नजदीकी हवाई अड्डा भोपाल में स्थित है, जो लगभग 46 किलोमीटर दूर है। भोपाल से सांची तक टैक्सी या बस द्वारा आसानी से पहुँच सकते हैं।

रेल मार्ग : सांची का नजदीकी रेलवे स्टेशन सांची रेलवे स्टेशन है, जो यहाँ से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भोपाल, दिल्ली, मुंबई और अन्य प्रमुख शहरों से सांची के लिए ट्रेन सेवाएँ उपलब्ध हैं।

सड़क मार्ग : सांची प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। भोपाल, गुना, और उज्जैन जैसे शहरों से सांची के लिए नियमित बस सेवाएँ और टैक्सी उपलब्ध हैं।

## सांची का मौसम

सांची का मौसम पूरे साल अच्छा रहता है, लेकिन सबसे आदर्श समय यहाँ यात्रा करने के लिए सर्दियों (नवंबर से फरवरी) का होता है। इस समय का मौसम ठंडा और सुखद होता है, जो यात्रा के लिए उपयुक्त है। गर्मियों में तापमान थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन नर्म मौसम और वायु की ठंडक यहां की यात्रा को सुखद बना देती है।

सांची भारतीय इतिहास, संस्कृति और बौद्ध धर्म का अद्भुत संगम है। यहाँ के स्तूप, मठ, और संग्रहालय न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक तीर्थ स्थल हैं, बल्कि कला, स्थापत्य और भारतीय संस्कृति के प्रेमियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्थल हैं। सांची की यात्रा से आपको न केवल धार्मिक शांति और मानसिक संतुलन मिलेगा, बल्कि भारतीय प्राचीन कला और संस्कृति का भी अनमोल अनुभव होगा। अगर आप ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों में रुचि रखते हैं, तो सांची एक आदर्श गंतव्य है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

# महिला व बाल विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, दिये गये आवश्यक निर्देश

मेट्रो रेज



**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप, वजन मापन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सैम एवं मैम बच्चों के उपचार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कन्यादान योजना, सेविका-सहायिका के रिक्त पदों और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में शत-प्रतिशत डाटा एंट्री सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि नेटवर्क समस्या वाले क्षेत्रों में सप्ताह में दो दिन का समय निकालकर नेटवर्क वाले स्थानों से डाटा एंट्री सुनिश्चित की जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत वजन मापन कराने के निर्देश भी दिए गए।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए नियमित रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं और सीडीपीओ के साथ बैठक आयोजित की जाए। सैम और मैम बच्चों के इलाज हेतु एमटीसी सेंटर में शीघ्र उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थी विद्यार्थियों का आधार से बैंक खाता लिंक कराने की बात कही गई। कन्यादान योजना में सुधार लाने और इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जमीन विवाद से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर इन विवादों का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी, बिजली, और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया।

जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा के दौरान ऑब्जर्वेशन होम में बिजली और पानी की समस्याओं के समाधान की बात कही गई। इसके अलावा, ओल्ड एज होम की स्थिति की भी समीक्षा की गई और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं, सीडीपीओ और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने संबंधित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने और नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : बरकतुल्लाह




मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान मार्च की शुरूआत शनिवार को बरहरवा प्रखंड में साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम बिंदुपाड़ा पंचायत के बिंदुपाड़ा मोड़ से पंचायत भवन तक किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि देश संविधान से चलेगा,हम सभी को संविधान द्वारा जो अधिकार और हक देने का कार्य डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने किया है ।उनके प्रयास को खत्म करने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है। देश के गृह मंत्री अंबेडकर का अपमान करने का जो काम किया है। इससे पूरा देश मर्माहित है।देश डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चलेगा देश में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष रणजीत टुडू,आलमगीर आलम, छोटेलाल रामानी,दौरान चौधरी, मोफाक खैरुल इस्लाम, सुभाजित मिश्रा,मोती अंसारी, अकबर खान, सरीफुल अंसारी, अशफाक शेख,मृदुल भट्टाचार्य बाबुल खान,मसलू शेख,डबलू शेख, दिलावर शेख मंगल प्रकाश मरांडी, सुभो दास,हसन अंसारी, फते टुडू, दुखू बागती,अल्फा मोमीन,अशोक कुड़ियाल सनाउल अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता तथा आम जन उपस्थित थे।

## टोटो स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग





मेट्रो रेज

**गुमला :** जिले के टोटो स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में 200 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया, जो गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की शिक्षा के प्रति गंभीरता और लगातार विद्यालय भ्रमण का प्रत्यक्ष परिणाम है।

विद्यालय के प्रिंसिपल संजय कुमार लकड़ा ने बताया कि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में अभिभावक पेरेंट्स-टीचर मीटिंग में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई और उपायुक्त गुमला के प्रयासों की सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि जिला प्रशासन की सक्रियता से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ा है।

**पुरस्कार वितरण से बढ़ा बच्चों का उत्साह :** प्री-बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं के विषयवार टॉपर्स और कक्षा वार टॉपर्स को गुमला उपायुक्त द्वारा भेजे गए पुरस्कारों का वितरण किया गया। इस अवसर पर 70 से अधिक विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के समक्ष पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला, और वे अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित हुए।

**शिक्षा पर अभिभावकों और शिक्षकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर जोर:** मीटिंग के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे घर पर भी बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और नियमित रूप से उन्हें विद्यालय भेजें। विद्यालय में मेट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा की विशेष तैयारियों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। होमवर्क और पुराने प्रश्न-पत्रों के अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत किया जा रहा है।

**जिला प्रशासन की अपील:** जिला प्रशासन ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे पेरेंट्स-टीचर मीटिंग में भाग लेकर बच्चों की शिक्षा में सहयोग दें। बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करना और उनकी शिक्षा की प्रगति पर ध्यान देना अभिभावकों और शिक्षकों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

## बोलेरो ने टेंपो को मारा धक्का तीन घायल, रेफर

- भागने के दौरान बोलेरो ने एक और व्यक्ति को मारा धक्का

मेट्रो रेज





**साहिबगंज/मंडरो :** झारखंड बिहार सीमा के ईशीपुर थाना एवं मेहरमा थाना क्षेत्र में एक ही बेलोरो चालक ने दो स्थानों पर मारा धक्का चार लोगों को घायल कर दिया।शनिवार को मिर्जाचौकी भगैया मुख्य सड़क गोखला मोड़ पास सुबह 6:30 बजे बोलेरो ने टेंपो को जोरदार धक्का मार दिया जिससे चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार भगैया तरफ से सबारी को लेकर टेंपो मिर्जाचौकी जा रहा था। मिजाचौकी तरफ भगैया की और काभी स्पीड में बोलेरो आ रही थी मिजाचौकी मुख्य सड़क के बिहार के इसीपुर थाना क्षेत्र के गोखला मोड़ पर बोलेरो ने जोरदार धक्का मार कर भाग रहा था भागने के दौरान भगैया बिशनपुर चौक पर दोबारा बेलोरो गाड़ी एक दिव्यांग व्यक्ति निरंजन कुमार को धक्का मारकर घायल कर दिया मौके से वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया आपको बताते चलें की ग्रामीणों के सहयोग से मुन्नी देवी 40 बर्ष, उमेश रजक 45 बर्ष, गौतम कुमार राम 42 बर्ष तीनों व्यक्ति को प्रथम उपचार के लिए मिर्जाचौकी संजीवनी क्लीनिक लेजाया गया वहां से सभी के परिजनों द्वारा बेहतर इलाज के लिए पीरपैंती, भागलपुर,अन्य अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया गया वहीं बिशनपुर में घायल व्यक्ति निरंजन कुमार 40 बर्ष को इलाज के लिए मेहरमा समुदायिक अस्पताल ले जाया गया। वहीं गौतम कुमार के परिजनों द्वारा द्वारा मेहरमा थाना में आवेदन देने तैयारी की जारही थी। वहीं नव युक्त थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर द्वारा घटना वाली बेलोरो जेएच 17 के 5728 को अपने साथ मेहरमा थाना लेजाया गया। बिहार के इसीपुर थाना प्रभारी द्वारा बताया गया सुचना मिला था बेलोरो ने टेंपो को धक्का मारकर फरार हो गया है। गश्ती दल को घटना स्थल पर भेजें थे जांच के लिए टेंपो अभी कहां है पता नहीं हम क्षेत्र से बाहर है। किसी भी व्यक्ति द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन दिया जाएगा तो आगे की करवाई की जाएगी गोड्डा जिला के मेहरमा पुलिस बेलोरो वाहन को भगैया में जहां लगाया गया था वहां पहुंची हुई है। मेहरमा पुलिस बेलोरो को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है। इधर राहगीरों आसपास लोगों का कहना है गोखला मोड़ पर सड़क के ठेकेदार द्वारा अबतक ब्रेकर नहीं लगाया गया है। आए दिन उक्त मोड़ पर दुर्घटनाएं होती रहती है।

## स्नेहा स्पर्श वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण



**साहिबगंज :** शहर के केलाबाड़ी पोखरिया हनुमान नगर स्थित ट्रिनिटी एंजेल स्कूल द्वारा स्नेह स्पर्श वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के बीच विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ताप्ती विश्वास ने चादर व भोज्य पदार्थ का वितरण करते हुए बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहा कि वृद्धजनों के सम्मान और सेवा के लिए समर्पित करना एक प्रेरणादायक कदम है इस प्रकार के आयोजन से न केवल वृद्धजनों को सम्मानित करने का माध्यम बनते हैं,बल्कि समाज में उनकी सेवा और देखभाल की भावना को बढ़ावा देते हैं।वही प्राचार्य ताप्ती विश्वास ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम कर समाज में जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।साथ ही वृद्धाश्रम को आधुनिक समाज का एक कलंक मानते हुए इसे समाप्त करने की उनकी बात इस दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

## शैक्षणिक भ्रमण पर गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चे

- छात्रों में उत्साह, ज्ञान और जागरूकता का संचार

मेट्रो रेज





**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के छात्रों के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिला परियोजना कार्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी दिलदार सिंह, वार्डन सह शिक्षिका मीना साहू, और लेखापाल सुजीत कुमार झा के नेतृत्व में यह भ्रमण संपन्न हुआ।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान छात्रों ने झारखंड विधानसभा, जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, मोराबादी स्थित साइंस सिटी और ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान का दौरा किया।

**विधानसभा भ्रमण**

छात्रों ने झारखंड विधानसभा का भ्रमण करते हुए विधायकों और मंत्रिमंडल के कार्यों और दायित्वों को समझा। यह अनुभव छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

**क्रिकेट स्टेडियम यात्रा**

जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी पवेलियन और अमिताभ चौधरी पवेलियन का दौरा किया गया। स्टेडियम प्रबंधन ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

**साइंस सिटी भ्रमण**

मोरहाबादी स्थित साइंस सिटी में छात्रों ने साइंस म्यूजियम, ओपन एयर साइंस पार्क, तारामंडल और लाइव थ्रीडी शो का आनंद लिया। इस अनुभव ने बच्चों को विज्ञान के महत्व को समझने में मदद की।

**बिरसा जैविक उद्यान**

ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान में छात्रों ने बटरफ्लाई पार्क, शेर, बाघ, मोर, हिरण, मगरमच्छ और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखा। बच्चों ने जैविक उद्यान में घूमते हुए अद्भुत आनंद प्राप्त किया।

छात्रों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अपने जीवन का यादगार अनुभव बताते हुए गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को धन्यवाद दिया। उन्होंने इसे नववर्ष का एक अद्भुत उपहार बताया, जिससे उन्हें विधायिका, विज्ञान और प्रकृति के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

ज्ञात हो कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में अनाथ, एकल अभिभावक वाले, ड्रॉपआउट और चाइल्ड ट्रैफिकिंग से प्रभावित बच्चों को कक्षा 4 से 10 तक शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में विद्यालय में 120 छात्र अध्ययनरत हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षकों ने बच्चों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिबू सोरेन ने झारखंड के लिए जो किया है उसे भूलाया नहीं जा सकता है : विधायक



**साहिबगंज/मंडरो :** झामुमो के स्थानीय बोरियों विधायक धनंजय सोरेन शनिवार को केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से अपने आवासीय परिसर में मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हैप्पी बर्थडे टू दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन कहकर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उनके चित्र पर केक खिलाया गया। विधायक ने कहा कि राज्य के निमार्ता दिशोम गुरु शिबू सोरेन इस राज्य के लिए बहुत कुछ किया है। जो कभी भूलाया नहीं जा सकता है। झारखंड हम लोगों को मिला है। यह उन्हीं के संघर्षों की देन है। झारखंड में जो कुछ है।वह शिबू सोरेन की वजह से है। उन्होंने झारखंड राज्य को अलग करने के लिए आंदोलन किया है। उसी का परिणाम है कि झारखंड राज्य हम सभी को मिला है। बहुत ही ऐतिहासिक है। क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन है। उन्होंने रात- दिन इस राज्य की लड़ाई लड़ने जंगलों- पहाड़ों पर बिताया है। मौके पर झामुमो पूर्व जिला व्यवसाय मोर्चा अध्यक्ष संजीव मिश्रा उर्फ. बब्लू मिश्रा पुर्व जिला प्रवक्ता अरुण सिंह, प्रमोद यादव, राजीव जयसवाल, मंडरो संयोजक मंडली बोरियों विधानसभा क्षेत्र झामुमो के कार्यकर्त्ता मौजूद थे

### भाजपा नेता बजरंगी यादव ने अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच बांटा राहत सामग्री



**साहिबगंज/उधवा :**भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने शनिवार को राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिम प्राणपुर पंचायत अंतर्गत खासमहल कार्तिक टोला गोलढाब चुवार पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिम प्राणपुर पंचायत अंतर्गत खासमहल कार्तिक टोला गोलढाब चुवार में बीते 7 जनवरी की देर रात को आगलगी के कारण नारेश मंडल उर्फ खलीफा का घर जलकर राख हो गया था.इस घटना में घर में सभी सामान जल गया था.घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने शनिवार को घटनास्थल पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारों को नगद पांच हजाररुपया चावल कंबल,प्लास्टिक,साड़ी सहित अन्य जरूरी राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस संबंध में भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि आग लगी से घर सहित गर में रखे सभी सामान जल गया. पीड़ित परिवारों का एक भी बेटा नहीं है.ठंड में रहने के लिए काफी परेशानी हो रहा था.इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों को राहत सामग्री दिया गया.साथ ही उन्होंने बताया कि 80 बर्ष के पीड़ित का कोई नहीं है।अब तक अंचल प्राशासन की ओर से राहत सामग्री का वितरण नहीं किया गया है.मामले को लेकर डीसी से मिलकर पीड़ित परिवारों को प्रशाशन की ओर से राहत सामग्री का वितरण कराया जाएगा.मौके पर भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रम सरकार,आईटी सेल के प्रदेश संयोजक पंकज घोष,राहुल मंडल,स्थानीय समाजसेवी सायेद अली,राहुल भगत,कृष्णा शर्मा, संदीप घोष,पवन सिंह,कुंदन पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### हपामुनी निवासी दिलीप उरांव की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना के हापामुनी निवासी दिलीप उरांव की मौत ट्रेन के चपेट में आने से चंद्रपुरा स्टेशन में हो गयी । बताया जाता हैं कि दिलीप उरांव गत सितंबर माह में त्रिपुरा राज्य के इट्टा भट्टे में कमाने गया हुआ था। वापस घर लौटने के क्रम में , गुरुवार को चंद्रपुरा स्टेशन में उक्त घटना घटी और उसके जेब मे रखे डायरी में लिखे उनके नाम पता और परिवार को रेलवे पुलिस ने मृतक दिलीप के परिजनों को सूचना दी और दिलीप के परिजन चंद्रपुरा पहुँच कर उसके शव की पहचान की और शनिवार को दिलीप का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गॉव घाघरा थाना स्थित हपमुनी ग्राम में किया गया।

### सड़क हादसे में उधवा के मजदूर की मौत

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत अंतर्गत केवटपाड़ा निवासी अरुण ठाकुर की मौत एक सड़क हादसे में हो गई। यह हादसा गोड्डा जिले के लालमटिया बोआरीजोर मुख्य पथ स्थित तलबड़िया गांव के पास हुआ। जहां अरुण ठाकुर दाह संस्कार में शामिल होने के लिए ललमटिया के सिमरा गांव आए थे। वह बाईक पर सवार होकर सिमरा से राजमहल गंगा घाट अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे, लेकिन इसी बीच तेज गति से जा रहे ट्रैक्टर ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अरुण ठाकुर की मौत हो गई और बाईक चालक विजय ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।अरुण ठाकुर की मौत के बाद, उनका शव पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे एंबुलेंस के माध्यम से शव को पैतृक गांव लाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अरुण ठाकुर अपने पीछे पत्नी और दो पुत्री को छोड़ गए हैं।जो अब उनकी पत्नी के सहारे हैं। अरुण ठाकुर नाश्ता का दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे।

### मिर्जाचौकी पुलिस ने अपराधी को भेजा जेल

**साहिबगंज/मंडरो :** मिर्जाचौकी थाना पुलिस द्वारा एक अपराधी को जेल भेजा गया । मिर्जा चौकी थाना कांड संख्या 02/2025 के प्राथमिक अभियुक्त नीरज सिंह, उम्र 25 वर्ष पिता श्यामसुंदर सिंह ,साकिम मंडरो ग्राम थाना मिर्जाचौकी के प्राथमिक अभियुक्त को मिर्जाचौकी थाना के एसआई अमेरिका राम द्वारा शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश यादव ने मिर्जाचौकी थाना में आवेदन देकर शिकायत किया था। जिसमें बताया गया था की नीरज के द्वारा बाल्टी से सिर पर मारकर मुझे घायल किया है। वही मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई थी। वही शनिवार को आरोपी को मिर्जाचौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।


# त्रिधा चौधरी ने रेड बिकिनी में समंदर किनारे दिए किलर पोज



**टीवी** और ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलर एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया पर तापमान बढ़ा दिया है. हाल ही में त्रिधा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह रेड बिकिनी में समंदर किनारे किलर पोज देते हुए नजर आ रही हैं. त्रिधा ने इस वीडियो में बंधे हुए बाल और ब्लैक सनग्लासेस के साथ अपनी स्टाइल को और भी आकर्षक बना दिया है. नीले समंदर और खूबसूरत बैकग्राउंड के साथ त्रिधा का यह वीडियो फैन्स को बेहद पसंद आ रहा है. त्रिधा चौधरी के इस हॉट अवतार को देखकर उनके फैंस दीवाने हो गए हैं. वीडियो पर लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है.

फैन्स ने उनकी फिटनेस और स्टाइल की जमकर तारीफ की है. त्रिधा चौधरी अपनी एक्टिंग के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो के लिए भी जानी जाती हैं. उनकी यह लेटेस्ट पोस्ट एक बार फिर से उन्हें सोशल मीडिया सेंसेशन बना रही है.

# 21वें थर्ड आई एशियन फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड पाकर सम्मानित हुए जावेद अख्तर



थर्ड आई एशियन फिल्म फेस्टिवल इस समय चल रहा है। फिल्म 'ब्लैक डॉग' से फेस्टिवल की शानदार शुरूआत हुई। 16 जनवरी तक चलने वाले सात दिवसीय महोत्सव में विभिन्न एशियाई देशों की फिल्में दिखाई जाएंगी। इस महोत्सव के दौरान प्रशंसकों को कई गुणवत्तापूर्ण कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इस महोत्सव में जावेद अख्तर को सम्मानित किया गया।

एशियन फाउंडेशन, संस्कृति विभाग, महाराष्ट्र सरकार और फिल्मसिटी के सहयोग से आयोजित 21वां थर्ड आई एशियन फिल्म फेस्टिवल शुरू हो गया है। इस मौके पर फेस्टिवल की अध्यक्ष किरण शांताराम, एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी समेत कई हस्तियां मौजूद रहीं। इस फेस्टिवल में सिनेमा जगत में अहम योगदान देने वाले मशहूर पटकथा लेखक और गीतकार पद्म भूषण जावेद अख्तर को फेस्टिवल की अध्यक्ष किरण शांताराम ने विशेष पुरस्कार 'एशियन कल्चर' से सम्मानित किया।

पुरस्कार मिलने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि फिल्म उद्योग में लेखकों को उनका उचित सम्मान और पारिश्रमिक मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास महान प्रतिभाओं की खान है और हमें अपनी धरती पर क्षेत्रीय कलाओं को उचित अवसर देकर इसके लिए प्रयासरत रहना चाहिए। हमारी फिल्मों की परंपरा गीत-संगीत है। हालाँकि, मुझे हाल की फिल्मों में गीतों की कमी दिखती है। साउथ फिल्मों में इस परंपरा का सख्ती से पालन किया जाता है। जावेद अख्तर ने राय व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हम फिल्मों में गीत-संगीत को महत्व देंगे तो हमारी फिल्म निश्चित तौर पर विश्व स्तर पर मशहूर होगी।

जावेद अख्तर ने अपने गीत, गजल, फिल्म, संगीत और पटकथा के जरिए फिल्म जगत में एक अनोखा मुकाम हासिल किया है। शोले, जंजीर, दीवार जैसी बेहद लोकप्रिय फिल्में लिखने वाले दिग्गज लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने अब तक फैंस को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। गीतकार, पटकथा लेखक और कवि के रूप में भारतीय सिनेमा में उनका अमूल्य योगदान रहा है।

इस महोत्सव का यह 21वां वर्ष है, जिसकी परिकल्पना स्वर्गीय सुधीर नंदगांवकर ने की थी और महोत्सव की अध्यक्ष किरण शांताराम ने विश्वास व्यक्त किया कि यह महोत्सव सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरे करेगा और फिल्म प्रेमियों को बेहतरीन देखने का अवसर प्रदान करता रहेगा। 21वें थर्ड आई एशियन फिल्म फेस्टिवल के मौके पर अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने सभी को दुनिया की कई बेहतरीन फिल्में देखने का आनंद लेने की शुभकामनाएं दीं।

# दिग्गज अभिनेता टीकू तलसानिया को पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में भर्ती



**मशहूर** कॉमेडियन और दिग्गज अभिनेता टीकू तलसानिया को दिल का दौरा पड़ा है। उनको पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल टिकू का इलाज चल रहा है और शुरूआती जानकारी सामने आ रही है कि उसकी हालत गंभीर है। टीकू ने कई कॉमेडी शो और फिल्म सीरियल में काम किया है। टीकू को आखिरी बार 2024 की वीडियो फिल्म 'विकी-विद्या का वो वाला' में देखा गया था।

दिग्गज अभिनेता टीकू तलसानिया 70 साल के हैं। उनकी स्थिति पर कोई अपडेट नहीं है। टीकू को हमने 'सर्कस', 'स्पेशल 26', 'फिर हेरा फेरी', 'हंगामा', 'रिश्ते', 'देवदास' जैसी फिल्मों में अभिनय करते हुए देखा है। टिकू की हालत गंभीर है और उनके प्रशंसकों को उम्मीद है कि इलाज के बाद वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। टीकू तलसानिया के बारे में-टीकू का जन्म 1954 में हुआ था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरूआत साल 1984 में टेलीविजन धारावाहिक 'ये जो है जिंदगी' से की थी। बाद में उन्होंने कई धारावाहिकों और फिल्मों में हास्य भूमिकाएँ निभाईं। इसके अलावा उन्होंने गुजराती थिएटर में भी काम किया है। उनकी पत्नी का नाम दीप्ति है और उनके दो बच्चे रोहन और शिखा हैं। इनमें शिखा एक एक्ट्रेस हैं और उन्होंने 'वेक अप सिड', 'वीरे दी वेडिंग' जैसी फिल्मों में काम किया है। टीकू तलसानिया के हेल्थ अपडेट पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

# गेम चेंजर और फतेह की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट आई सामने

साउथ सुपरस्टार राम चरण स्टारर 'गेम चेंजर' और सोनू सूद की 'फतेह' स्क्रीन पर आ चुकी हैं। दोनों शुक्रवार 10 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुईं। दर्शकों का ध्यान इस बात पर था कि दोनों में से कौन सी फिल्म कमाई के मामले में बाजी मारेगी। पहले दिन की कमाई के आंकड़ों के मुताबिक 'गेम चेंजर' ने 'फतेह' से ज्यादा कमाई की है। 'फतेह' और 'गेम चेंजर' की पहले दिन की कमाई में बड़ा अंतर है।

'गेम चेंजर' का पहले दिन का कलेक्शन-कियारा आडवाणी और राम चरण की 'गेम चेंजर' ने अच्छी शुरूआत की है। फिल्म ने पहले दिन 51.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। उसके मुकाबले 'फतेह' की कमाई काफी कम है। 'गेम चेंजर' के हिंदी वर्जन ने 7 करोड़ रुपये की कमाई की है। मेकर्स ने पोस्ट कर बताया है कि इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 186 करोड़ की कमाई की है।

'गेम चेंजर' एक अखिल भारतीय फिल्म है और इसे हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्म ने सबसे ज्यादा बिजनेस तेलुगु भाषा में किया है। फिल्म ने इस तेलुगु में 42 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है और बाकी कलेक्शन अन्य भाषाओं से हैं।

फतेह की पहले दिन की कमाई-सोनू सूद की 'फतेह' ने पहले दिन सिर्फ 2.45 करोड़ का कलेक्शन किया। सोनू सूद ने न सिर्फ 'फतेह' में अभिनय किया बल्कि फिल्म का निर्देशन भी खुद ही किया। इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन में डेब्यू किया है। फतेह में जैकलीन फर्नांडीज भी हैं। 'फतेह' का बजट 25 करोड़ रुपये है। अब मेकर्स इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि ये फिल्म वीकेंड में कितनी कमाई करेगी।

राम चरण और कियारा आडवाणी की बहुप्रतीक्षित 'गेम चेंजर' एक एक्शन-ड्रामा है।






फिल्म में एक ईमानदार आईएएस अधिकारी की कहानी दिखाई गई है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ता है। इस फिल्म में राम चरण दोहरी भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने पिता और बेटे का किरदार निभाया है। 'फतेह' साइबर अपराध में फंसे लोगों की कहानी दशार्ती है। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज की भूमिका भी अहम है। फिल्म में विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं। नसीरुद्दीन शाह ने खलनायक की भूमिका निभाई है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से होना है. इस ICC टूर्नामेंट के लिए टीम का ऐलान करने वाली न्यूजीलैंड पहली टीम बन गई है. उसने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसकी कमान मिचेल सैंटनर के हाथ में है. टीम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को जगह नहीं मिली है. वहीं एक और खास बात ये है कि उसमें 3 ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पहली बार सीनियर लेवल पर किसी ICC टूर्नामेंट में खेलते दिखेंगे. ये तीनों खिलाड़ी टीम के तेज गेंदबाज हैं, जिनके नाम- बेन सियर्स, विलियम ओरूर्के और नाथन स्मिथ हैं. ICC चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2017 के बाद पहली बार हो रहा है. ऐसे में ये टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर के लिए भी इस किसी क्ळउ इवेंट में कप्तानी करने का पहला मौका होगा. मतलब चुनौती बड़ी होगी. सैंटनर को हाल ही में न्यूजीलैंड का व्हाइट बॉल कप्तान बनाया गया है. सैंटनर बतौर खिलाड़ी 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे.



कप्तान मिचेल सैंटनर के अलावा केन विलियमसन और टॉम लैथम भी टीम में शामिल दो ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने का अनुभव रहा है. सैंटनर की तरह ये दोनो भी 2017 के एडिशन में खेल चुके हैं. केन विलियमसन तो 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी में खेल चुके हैं. मतलब, विलियमसन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं. टीम की बात करें तो बैटिंग में टॉप ऑर्डर की कमान रचिन रवींद्र, डेवन कॉनवे, विल यंग जैसे बल्लेबाजों के पास है. जिन्हें मिडिल ऑर्डर में डैरिल मिचेल और मार्क चैपमैन अपमी पावर हिटिंग से सपोर्ट करते दिखेंगे. वहीं गेंदबाजी में तेज गेंदबाजी का जिम्मा मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन मुख्य तौर पर संभालते दिखेंगे. स्पिन डिपार्टमेंट संभालने के लिए ऑलराउंडर कप्तान मिचेल सैंटनर तो हैं ही. उनके अलावा ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल भी हैं.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड की टीम- मिचेल सैंटनर(कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स, टॉम लैथम, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेवन कॉनवे, मार्क चैपमैन, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, बेन सियर्स, विलियम ओरूर्के, नाथन स्मिथ, विल यंग, डैरिल मिचेल।

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बांग्लादेश को झटका

# शाकिब अल हसन गेंदबाजी से रहेंगे बाहर



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरूआत में अब केवल 5 हफ्ते बाकी हैं। 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन बॉलिंग एक्शन के स्वतंत्र परीक्षण में लगातार दूसरी बार असफल हो गए हैं। इसके चलते उनके गेंदबाजी पर लगा प्रतिबंध जारी रहेगा। इसका मतलब है कि शाकिब चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (इउइ) ने जानकारी दी कि शाकिब ने पिछले महीने चेन्नई स्थित श्रीराम चंद्र सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस में बॉलिंग एक्शन की स्वतंत्र जांच के लिए टेस्ट दिया था। लेकिन इस टेस्ट में भी उनका प्रदर्शन मानकों पर खरा नहीं उतर सका।

शाकिब अल हसन का गेंदबाजी एक्शन सबसे पहले इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट के दौरान संदेह के घेरे में आया। सरे टीम की ओर से खेलने के दौरान उनके एक्शन की शिकायत की गई थी और उन पर गेंदबाजी से प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड में अपने एक्शन की जांच कराई, लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद उन्होंने भारत आकर चेन्नई में स्वतंत्र जांच का सामना किया, लेकिन यहां भी उन्हें सफलता नहीं मिली। हालांकि, शाकिब गेंदबाजी से टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगे, लेकिन वे बल्लेबाज के तौर पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से योग्य हैं।

शाकिब अल हसन बांग्लादेश टीम के सबसे अनुभवी और सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। 247 वनडे मैचों में उन्होंने 7570 रन बनाए हैं और 317 विकेट भी लिए हैं। उनके गेंदबाजी न कर पाने से बांग्लादेश को निश्चित रूप से बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि वह टीम के लिए एक अहम ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं। गेंदबाजी से शाकिब की गैरमौजूदगी बांग्लादेश की चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों पर असर डाल सकती है। टीम के लिए यह जरूरी होगा कि वह शाकिब के बल्लेबाजी कौशल का अधिकतम लाभ उठाए और गेंदबाजी विभाग में अन्य खिलाड़ियों से उम्मीदें बढ़ाए।

# महिला हॉकी इंडिया लीग आईपीएल जैसा ही प्रभाव डालेगी : रानी रामपाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उम्मीद है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) युवा लड़कियों के लिए ब्रिस्बेन और उसके बाहर 2032 ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मंच तैयार करेगी।

हाल ही में रोहतक में साई मीडिया से बात करते हुए, रानी को लगता है कि महिला एचआईएल का पहला संस्करण महिला हॉकी को उसी तरह बढ़ाएगा जैसे महिला प्रीमियर लीग ने महिला क्रिकेट के लिए किया था। रांची में 12 से 26 जनवरी के बीच होने वाली पहली महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं।



रानी रामपाल पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। सहायक स्टाफ के रूप में यह उनका पहला कार्यकाल होगा। हरियाणा की 30 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, को लगता है कि एचआईएल सही समय पर आई है जब महिला हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद बदलाव की कोशिश कर रही है। रानी ने साई मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीते क्योंकि इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग द्वारा रखी गई थी। अब महिला एचआईएल की शुरूआत के लिए धन्यवाद, हमें 2032 और 2036 ओलंपिक में कई प्रतिभाशाली युवा महिलाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते देखने को मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा।'' एचआईएल की शुरूआत 2013 में छह पुरुष टीमों के साथ हुई थी। बड़े पैमाने पर व्यावसायिक कारणों से बंद होने से पहले इसे पांच साल तक खेला गया था। इसे सात साल बाद एक अतिरिक्त महिला लीग के साथ पुनर्जीवित किया गया।

महिला क्रिकेट की प्रमुखता के संदर्भ में महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की सफलता को याद करते हुए रानी ने आगे कहा, 'महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) के माध्यम से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इस खेल का अनुसरण करना शुरू कर दिया।'

रानी ने 'वॉल' श्रीजेश को भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कोच के रूप में सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा, 'श्रीजेश के पास लगभग 20 वर्षों का अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। जूनियर टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी क्योंकि उन्हें पता चल जाएगा कि उच्च स्तरीय दबाव की स्थिति में कैसे प्रदर्शन करना है।'

कोचिंग मानसिकता के बारे में बात करते हुए रानी ने कहा कि उनमें और श्रीजेश में कुछ चीजें समान हैं। उन्होंने कहा, 'मैं महिला एचआईएल के दौरान युवाओं के साथ भी वही ज्ञान और अनुभव साझा करना चाहती हूं ताकि उन्हें भावनात्मक और मानसिक रूप से मदद मिल सके। हमें उनमें से सर्वश्रेष्ठ लाना होगा।'

## श्रीलंका दौरे के लिए 100 प्रतिशत फिट हो जाऊंगा : नाथन लियोन

**मेलबर्न।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने पुष्टि की है कि वह ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे के दौरान दो टेस्ट खेलने के लिए 100 प्रतिशत फिट होंगे। श्रीलंका दौरा 29 जनवरी से शुरू होगा। श्रीलंका दौरे के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है। स्मिथ पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करेंगे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और हाल ही में घरेलू गर्मी के दौरान टखने की हल्की समस्या से उबर रहे हैं। युवा स्पिनर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुह्नमैन के साथ नाथन लियोन भी टीम का हिस्सा हैं। उम्मीद है कि यह तिकड़ी श्रीलंका की टर्निंग पिचों पर अहम भूमिका निभाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान लियोन को कूल्हे में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ा और उन्होंने 36.88 की औसत से नौ विकेट लिए।

## कैलिफोर्निया में आग का तांडव जारी

# 16 मौतें, 56000 एकड़ जमीन हुई खाक

एजेंसी



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में जंगलों में लगी भीषण आग अब तक काबू में नहीं आ पाई है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने इसे राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी आग करार दिया है। इस भयावह आग ने 56,000 एकड़ से अधिक भूमि को अपनी चपेट में ले लिया है और अब तक 16 लोगों की जान ले चुकी है। इसके अलावा, कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। आग के चलते 1 लाख से अधिक लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है, जबकि कई हॉलीवुड सितारों और नेताओं के घर भी आग की चपेट में आकर खाक हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आग के कारण अमेरिका को अब तक लगभग 50 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है, जो बढ़ने की आशंका है। कई शहर पूरी तरह उजड़ चुके हैं, और हजारों परिवारों के घर जलकर खाक हो गए हैं। लाखों लोगों को सड़क और राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। आग पर काबू पाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास जारी हैं। लगभग 14,000 अग्निशमन कर्मियों को 1,600 फायर फाइटिंग उपकरणों और 71 हेलीकॉप्टरों के साथ तैनात किया गया है। मेक्सिको ने भी इस प्रयास में मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पालिसैड्स जंगल की आग सैन फर्नांडो घाटी तक फैल चुकी है। बढ़ते खतरे को देखते हुए एनकिनो और ब्रेंटवुड जैसे क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक, पैलिसैड्स जंगल की आग पर 11 प्रतिशत, ईटन में लगी आग पर 15 प्रतिशत, केनेथ आग पर 80 प्रतिशत और हर्स्ट आग पर 76 प्रतिशत काबू पाया जा चुका है। हालांकि, बाकी जगहों पर आग पर नियंत्रण पाने के प्रयास जारी हैं। तेज हवाओं के चलते राहत कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। इस भीषण आग ने हॉलीवुड और अन्य रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। कई हॉलीवुड सितारों और स्थानीय नेताओं के घर जलकर खाक हो चुके हैं। आग की तीव्रता को देखते हुए नुकसान का दायरा और बढ़ सकता है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर ने इसे राज्य की सबसे विनाशकारी आग बताते हुए कहा कि इसे काबू में लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने फायर फाइटर्स और राहत टीमों की सराहना करते हुए कहा कि स्थिति को संभालने में अभी और समय लगेगा।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। महान भारतीय संत, दार्शनिक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं और विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उन्हें भारत के एक महान सुपुत्र के रूप में याद किया जाता है। उनकी जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्वामी जी ने भारत के महान आध्यात्मिक संदेश को पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने भारत के लोगों में एक नये आत्मविश्वास का संचार किया। स्वामीजी ने युवाओं को अपनी क्षमता उजागर करने, राष्ट्र-निर्माण की दिशा में काम करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उनकी विरासत दुनिया भर के अनगिनत लोगों को प्रेरित करती रहती है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के आध्यात्मिक ज्ञान के एक प्रतीक, स्वामीजी का प्रतिष्ठित 1893 शिकागो संबोधन भारत के समावेशी लोकाचार को दशार्ता है। उन्होंने भारतीयों को गर्व, आत्म-विश्वास और मानवता की सेवा के आह्वान से प्रेरित किया। युवाओं से उनका आह्वान- ह्यउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए - आत्म-सशक्तिकरण के लिए एक कालातीत मंत्र बना हुआ है।

स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, वह युवा मन में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने स्व-संस्कृति के प्रति न सिर्फ देशवासियों को जागरूक किया, बल्कि विश्व को वेदांत और योग दर्शन से प्रभावित भी किया। रामकृष्ण मिशन के माध्यम से उन्होंने 'नर सेवा को ही नारायण सेवा' का पर्याय बनाया। युवाओं में चरित्र निर्माण व आत्मगौरव के बीज बोकर उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी का जीवन और दर्शन सभी के लिए प्रेरणापुंज है।

## मुख्यमंत्री साय से आडानी ग्रुप के चेयरमेन गौतम आडानी ने की मुलाकात



**रायपुर।** देश के शीर्ष उद्योगपतियों में शामिल और आडानी ग्रुप के चेयरमेन गौतम आडानी आज रविवार सुबह छत्तीसगढ़ पहुंचे। इस दौरान गौतम आडानी ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर बिजली संयंत्रों के विस्तार पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

बैठक में गौतम अडानी ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में समूह के बिजली संयंत्रों के विस्तार के लिए 60 हजार करोड़ के नियोजित निवेश की घोषणा की। इस विस्तार से छत्तीसगढ़ की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में अतिरिक्त छह हजार 120 मेगावाट की वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, गौतम आडानी ने राज्य में समूह के सीमेंट संयंत्रों के विकास और विस्तार के लिए पांच हजार करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने राज्य सरकार को अदानी फाउंडेशन के माध्यम से सीएसआर के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और पर्यटन में पहल का समर्थन करने के लिए अगले चार वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का आश्वासन भी दिया।

बैठक में रक्षा-संबंधी उपकरणों के निर्माण और छत्तीसगढ़ में डेटा सेंटर और एक वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने में संभावित सहयोग की भी खोज की गई। इस महत्वपूर्ण निवेश से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने, रोजगार के अवसर पैदा होने और राज्य के समग्र विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## बीड जिले में सड़क दुर्घटना में सरपंच की मौत, वाहन चालक गिरफ्तार

**मुंबई।** बीड़ जिले के परली में मीरवात जंक्शन इलाके में बीती रात सड़क दुर्घटना में सौंदाना के सरपंच अभिमन्यु क्षीरसागर की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में परली ग्रामीण पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को सुबह वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बीती रात सरपंच अभिमन्यु क्षीरसागर परली में मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे, जब मीरवात जंक्शन के पास टेंपो वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में सरपंच अभिमन्यु की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही परली ग्रामीण पुलिस स्टेशन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सरपंच का बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद सीसीटीवी के मदद से पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गहन छानबीन जारी है।

## ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत को भी मिला न्योता, विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर करेंगे प्रतिनिधित्व



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत सरकार को भी न्योता मिला है। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारतीय प्रतिनिधि के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है।

20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। उनके शपथ ग्रहण समारोह के लिए दुनिया के कई देशों के नेताओं को न्योता मिला है। भारत सरकार को भी ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह का न्योता मिला है। विदेश मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक ट्रम्प-वेन्स उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि इस यात्रा के दौरान जयशंकर नए अमेरिकी प्रशासन के सदस्यों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे, जो शपथ ग्रहण के लिए अमेरिका में होंगे। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उनकी सरकार में इस बार भारतीय मूल के कई चेहरे शामिल हैं। ट्रम्प का शपथ ग्रहण समारोह 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगा जिसमें शपथ ग्रहण, परेड और औपचारिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

## दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए मांगा चंदा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए क्राउड फंडिंग कैंपेन की शुरूआत की है। उन्होंने चुनाव के लिए दिल्ली की जनता से मदद मांगी हैं। आतिशी ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए मुझे पैसों की जरूरत है। उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए लोगों से क्राउड फंडिग अभियान का समर्थन करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि गलत तरीके से पैसा इक्ठ्ठा करने में एक दिन भी नहीं लगेंगे।

हम उद्योगपति से चंदा नहीं लेंगे। हम जनता के चंदे से चुनाव लड़ेंगे और जीतेगे।आतिशी ने athishi.aamaadmiparty.org नाम से लिंक जारी कर कहा कि नेता अगर जनता के चंदे से चुनाव लड़ेगा तो बनने वाली सरकार उनके लिए काम करेगी।

आतिशी ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि जब से आम आदमी पार्टी बनी है तब से दिल्ली के आम लोगों ने आम आदमी पार्टी को सपोर्ट और चुनाव लड़ने के लिए चंदा दिया। 2013 में भी लोगों ने चुनाव में चंदा दिया। 2013 में जब पहला चुनाव लड़े थे घर घर जाते थे लोग चंदा देते थे।

# साप्ताहिक शेयर समीक्षा : 2 हफ्ते से जारी तेजी पर ब्रेक, निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 10 जनवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इसके साथ ही इसके पहले के दो सप्ताह से जारी तेजी के सिलसिले पर भी ब्रेक लग गया। जानकारों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती करने को लेकर बनी अनिश्चितता, रुपये की कमजोरी और निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हुआ।

शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,844.20 अंक यानी 2.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,378.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 573.25 अंक यानी 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,431.50 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो बीएसई का आईटी इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, बीएसई का पावर इंडेक्स 9 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 7 प्रतिशत से अधिक टूट गया। इसके अलावा पीएसयू इंडेक्स 6.98 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स इंडेक्स 5.3 प्रतिशत और मेटल इंडेक्स 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

बाजार में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब 20 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद घट कर 429.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.78 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार से शुक्रवार के कारोबार से करीब 19.99 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 3.2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल जेएसडब्ल्यू एनर्जी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इन्फो एज इंडिया, आरईसी, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन, जोमैटो, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, आईडीबीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और द टाटा पावर कंपनी के शेयरों में 10 से लेकर 16 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 5.7 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस, पीबी फिनटेक, कल्याण ज्वेलर्स इंडिया, गोदरेज इंडस्ट्रीज, वन 97 कम्युनिकेशंस पेटीएम, एसजेवीएन, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, निप्पोन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट, अडाणी विल्मर, टोरेंट पावर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस, पंजाब एंड सिंद बैंक, प्रेस्टीज एस्टेट प्रोजेक्ट्स, सुजलॉन एनर्जी, अशोक लीलैंड और बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में 10 से 19 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

साप्ताहिक प्रदर्शन के लिहाज से बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स ने पिछले सप्ताह सबसे कमजोर प्रदर्शन किया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद स्मॉलकैप इंडेक्स 6 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से जय कॉर्प, ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, गारवेर हाईटेक फिल्म्स, केईसी इंटरनेशनल, इनॉक्स विंड, स्किपर, ब्लू स्टार और पीसीबीएल के शेयरों में 15 से 23 प्रतिशत तक की कमजोरी दर्ज की गई। दूसरी ओर स्पंदन स्फूर्ति फाइनेंशियल, कॉफी डे एंटरप्राइजेज, पीटीसी इंडस्ट्रीज, पोकरना लिमिटेड और विजया डायग्नोस्टिक सेंटर के शेयरों में 10 से 19 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार बिकवाली करते रहे। सप्ताह के 5 दिन के कारोबार में विदेशी निवेशकों ने 16,854.25 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की?। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) इस दौरान खरीदारी करके बाजार का सपोर्ट करने की कोशिश करते रहे। पिछले सप्ताह के कारोबार में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुल 21,682.76 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

### न्यूज IN ब्रीफ

## दौड़ते हुए रीवा घाट पर आए युवक ने गंगा में लगाई छलांग, मौत

**वाराणसी।** रीवाघाट पर एक युवक तेज गति से दौड़ते हुए आया और उसी स्पीड से गंगा में आत्महत्या की नीयत से छलांग लगा दी। रविवार को भेलूपुर पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से गंगा से युवक का शव बाहर निकलवाया। मृत युवक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार शनिवार की देर रात सर्द मौसम में पुराने अस्सीघाट की तरफ से रीवाघाट पर लगभग 25 वर्षीय एक युवक तेज गति से दौड़ते हुए पहुंचा और घाट के उपरी सीढ़ी से ही गंगा में छलांग लगा दी। यह देख रात में घाट पर मौजूद एक दुकानदार ने उसे बचाने की कोशिश की। उसे सफलता नही मिली। देर रात ही पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो पुलिस भी घाट पर पहुंच गई। रात के चलते युवक की गंगा में तलाश नहीं हो पाई। सुबह पुलिस टीम ने युवक के शव को गंगा से निकलवाया। भेलूपुर पुलिस मृत युवक के पहचान के प्रयास में जुटी हुई है। युवक काले रंग की जैकेट और नीले रंग की जींस पहना था। सोशल मीडिया के जरिए भी शिनाख्त की कोशिश हो रही है।

## 13 जनवरी को मुख्यमंत्री दंतेवाड़ा जिले के बचेली प्रवास पर रहेंगे



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 13 जनवरी को दंतेवाड़ा जिले के बचेली प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री बचेली में आम सभा को संबोधित करेंगे। साथ ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दंतेवाड़ा जिले के बचेली प्रवास को लेकर तैयारी चल रही है। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने तैयारियों का जायजा लिया। जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि 13 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बचेली पहुंचेंगे। यहां आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री को सुनने उनकी सभा में दंतेवाड़ा जिले के हर ब्लॉक से लोग पहुंचेंगे। वहीं मुख्यमंत्री अलग-अलग समाज के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रवास की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी को मुख्यमंत्री बस्तर के जगदलपुर प्रवास पर पहुंचे थे। इस समय उन्होंने कुल चार विधानसभा में 356 करोड़ के 228 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया था। साथ ही कंगोली स्कूल के मंच से महाविद्यालय के लिए उन्होंने 50 लाख रुपये की घोषणा की थी।

## लाहौल-स्पीति और कुल्लू में ताजा बर्फबारी



**कुल्लू।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू घाटी में रविवार सुबह ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के गोंधला और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई जबकि अटल टनल रोहतांग के उत्तरी और दक्षिणी छोर पर भी हल्की बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के केलांग में 1 इंच, अटल टनल के पास 2 इंच, और मनाली-एटीआर मार्ग पर 4 इंच बर्फ की मोटी चादर बिछी हुई है। बर्फबारी के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है और पुलिस प्रशासन ने एहतियातन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने जानकारी दी कि ताजा बर्फबारी और सड़क पर जमी बर्फ के कारण यात्रा जोखिम भरी हो सकती है। हालांकि केलांग से दारचा, केलांग से अटल टनल, एटीआर से मनाली, और तींदी से उदयपुर सड़क मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए खुले हैं। काजा से लोसर मार्ग भी वाहनों की आवाजाही के लिए चालू है। दारचा से शिकुंला (कारगिल), दारचा से सरचू (लेह), कोकसर से मनाली वाया रोहतांग, और कोकसर से लोसर वाया कुंजम टॉप जैसे मार्ग बर्फबारी के कारण बंद हैं। ये मार्ग गर्मियों तक बाधित रहेंगे। प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि वे मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रा करें और अनावश्यक जोखिम न उठाएं। किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस और स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी जारी, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी का रुख है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये से लेकर 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये से लेकर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## टुसू मेला में दिखती है झारखंड की संस्कृति व सभ्यता की झलक : धनपति महतो



**सिल्ली :** रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर आयोजित टुसु मेला को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी सह सिल्ली विस प्रत्याशी धनपति महतो ने कहा झारखंड की संस्कृति सभ्यता हम सबके बीच में उत्साह उमंग और भाईचारे का संचार करता है। आम दिनों में हम सभी अपने-अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं लेकिन जैसे ही पर्व त्योहार आता है हम सब मिलकर एक जगह एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पर्व त्योहार को मनाते हैं। इससे भाईचारे का संचार होता है। यह परंपरा हमेशा कायम रहनी चाहिए यह जिम्मेदारी हम सभी की है। महतो ने कहा टुसु परब आते ही क्षेत्र में एक अलग ही उमंग देखने को मिलता है घर घर में गुड़ पीठा, जीलू पीठा, धुम्बु पीठा, पिट्ठे, मुढ़ी लड्डू, तिल लड्डू का आनंद लेते है। मेला में विभिन्न क्षेत्रों से एक से बढ़कर एक टुसू की प्रतिमाएं लोगों को आकर्षित कर रही थी।

## भेलवा टुंगरी मेला को लेकर बैठक

**मुरी:** रविवार यानी आज सुबह कलुवाडीह चट्टानी पर भेलवा टुंगरी मेला को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया लालू राम उरांव ने की। जिसमे पाता नाच,पूरूष महिला फुटबॉल प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता , मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता आदि लगाने का निर्णय लिया गया। अलग-अलग काम के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई। शांति पूर्ण व्यवस्था के लिए सभी मेला कमिटी को दायित्व दिया गया है।

## डाक चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी



**मांडर:** प्रखंड के पुंगी गांव में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का थे। डाक विभाग के सब-डिवीजन डाक अधीक्षक अजय कुमार ने जानकारी दी कि विभाग वर्तमान में 97 योजनाएं चला रहा है, जो भारत सरकार द्वारा आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि विभाग हर लाभुक की सहायता के लिए तत्पर है और योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी बाबू अमिताभ कुमार उर्फ बाबू पाठक ने कहा कि लोगों को डाक विभाग की विश्वसनीयता के बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि अपनी मेहनत की कमाई को चिटफंड कंपनियों से बचाकर सुरक्षित भविष्य के लिए डाक विभाग की योजनाओं में निवेश करें। उन्होंने विभाग की ऐतिहासिक प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि यह देश की दूसरी सबसे पुरानी कंपनियों में से एक है।

चौपाल के दौरान डाक विभाग ने बच्चों के आधार कार्ड, जमा योजनाओं, सुकन्या योजना और अन्य सेवाओं पर जानकारी दी। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर लोगों को योजनाओं के लाभ और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का समाधान भी तत्काल प्रभाव से पाया। प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का ने विभाग के उच्च पदाधिकारियों से रिक्त पदों पर डाक कर्मियों की नियुक्ति करने की अपील की, ताकि जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। उन्होंने ऐसे आयोजनों को अन्य क्षेत्रों में भी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डाक विभाग के ऋषिकांत मिश्र ने किया और धन्यवाद ज्ञापन वरीय पदाधिकारी विष्णु गोप ने दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश तिवारी, रंभावती देवी, कुमार शिवशंकर, सुका उरांव, निखिल तिर्की, प्रमोद तिर्की, संजय गोप, ओमकार पाठक समेत डाक विभाग के सभी अधिकारी, कर्मी और ग्रामीण उपस्थित रहे। डाक चौपाल के इस आयोजन ने ग्रामीणों को न केवल योजनाओं से परिचित कराया, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

## बंधु तिर्की ने दिव्यांगों और वृद्धजनों के बीच बांटा सहायक उपकरण



**चान्हो:** ब्लॉक परिसर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री बंधु तिर्की ने कहा कि निशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण और जाँच-पंजीकरण शिविर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण और पुण्य कार्य बताया। श्री तिर्की ने आयोजन समिति से आग्रह किया कि इस तरह के शिविर अन्य प्रखंडों में भी आयोजित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक दिव्यांग भाई-बहनों को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 40 ट्राइसाइकिल, 30 व्हीलचेयर, 30 वॉकिंग स्टिक, 20 जोड़ी बैसाखी शामिल थीं। साथ ही कृत्रिम अंग के लिए नाप भी लिया गया। यह उपकरण श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए। शिविर 11 और 12 जनवरी तक आयोजित किया गया। श्री तिर्की ने उम्मीद जताई कि इस पहल से दिव्यांगों और वृद्धजनों के जीवन में सरलता आएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में अफरोज अंसारी (दिव्यांग समाजसेवी), अब्दुल्ला अंसारी, इस्तियाक अंसारी, सुधु मुंडा, संदीप तिर्की, शम्स अहद, इरशाद खान, और मंगलेश्वर उरांव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के चेयरमैन ललित केडिया, सचिव नेमी अग्रवाल, डॉ। एचके शाहू, रितेश कुमार, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रदीप कुमार (आरएच।), मैनेजर सगुप्ता आफरीन, दिव्यांग खेल जन्मदाता आफताब आलम, नुरुल्लाह हबीब नदवी, मांग उरांव, शिव उरांव, रशीद अंसारी, झिरगा टाना भगत सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने राम तीर्थ स्थल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश





विनय मिश्रा

**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता ' अर्नव मिश्रा, जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र छोटन उरांव, नजारत उपसमाहर्ता देवेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जगन्नाथपुर सत्यम कुमार सहित अन्य की उपस्थिति में जगन्नाथपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित राम तीर्थ स्थल का निरीक्षण किया । इस दौरान मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारी से संबंधित सभी बिंदुओं पर मंदिर कमेटी के सदस्यों संग विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। वार्ता के दौरान कमेटी के सदस्यों से कहा कि आयोजन स्थल के प्रत्येक क्षेत्र में वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति कमेटी द्वारा की जाये। मेले के अवसर पर लगने वाले दुकानों को बेहतर ढंग से व्यवस्थित, गहरे पानी की ओर पर्याप्त मात्रा में साइनेज, स्थानीय गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति के बारे में निर्देशित किया गया। इसके अलावा सुरक्षा दृष्टिकोण से गहरे पानी की ओर बैरेकेटिंग की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान नाव की उपलब्धता, समस्त क्षेत्र में समुचित लाइट की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया गया।

## आईईपीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट : राइजिंग स्टार की टीम बनी विजेता



**गोमिया :** गोमिया के आईईएल स्पोर्ट्स ग्राउंड में आईईपीएल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच राईजिंग स्टार आईईएल बनाम गुलाम 11 साड़म के बीच खेला गया। टॉस जीतकर गुलाम 11 की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 123 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में राईजिंग स्टार आईईएल की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवर में दो छक्के व एक चौके की मदद से रोमांचक जीत हासिल की। मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से राइजिंग स्टार के शुभम को एक साइकिल देकर नवाजा गया। वहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राइजिंग स्टार के माइकल थापा को दिया गया। बेस्ट बल्लेबाजी का पुरस्कार कौशिक को दिया गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार गोपी व बेस्ट कैच लेने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार विक्की को दिया गया। ग्राउंड में दर्शकों की काफी संख्या में भीड़ उमड़ी। दर्शकों ने इस रोमांचक मुकाबले का खूब लुत्फ उठाया। ओरिका प्रबंधन आशीष सिंह, प्रदीप भट्टाचार्य, राजेश शर्मा ने विजेता टीम को नकद 40 हजार रुपये व ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को नकद 25 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं मंचासीन अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका जीतू पांडेय, संतोष यादव, नारायण कुमार, इकबाल एवं स्कोरर दासु उरांव, अनिकेत यादव व उद्घोषक की भूमिका आलोक उपाध्याय ने निभाया। मौके पर ओरिका प्रबंधन आशीष सिंह ने कहा कि दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष इस ग्राउंड का जीर्णोद्धार किया गया था। टूर्नामेंट की भव्यता को देखते हुए इस ग्राउंड को ओर भी आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस गोमिया प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, मुखिया शांति देवी, मुखिया अंशु कुमारी, मुखिया बंटी उरांव, पंसस धनेश्वर राम, हरि सिंह, कुंती देवी, भाजपा नेता मोहन राम, पिंटू पासवान, मो0 असलम, अभय सिन्हा, शंभू यादव, लेखराज चौहान, अमित विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मां खेलाय चंडी मेला के सफल आयोजन को लेकर बैठक



**चास :** चास के बांधगोड़ा साइड स्थित मां खेलाय चंडी मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राज किशोर गोप व संचालन रणजीत कुमार महतो ने किया। इस दौरान मंदिर परिसर में मेला आयोजन करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। वही मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए, जिसके अनुसार मंदिर का काम करने का निर्णय लिया गया। बताया कि हर साल की भांति इस साल भी भव्य तरीके से मेले का आयोजन किया जाएगा। गुप्त मेले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय युवकों को वालंटियर बनाया जाएगा। साथ ही पिंड्राजोरा पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। मौके पर अरविंद गोप, बीरबल सिंह, विनोद कुमार गोप, मनोज कुमार रजवार, रामकुमार रजवार, विष्णु रजवार, भगवान दास महतो, काली पद महतो, शांति सिंह, रूपलाल गोप, धीरेंद्र रजवार, लालू गोप, मनोज ठाकुर, राजू केवट, सुनील केवट, खगेन रजवार, विजय सिंह, देवेन्द्र तिवारी भीम केवट, निवारण गोप, भूतनाथ माहथा, गोविंद गोप, धीरज गोप, राखाल गोप व अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो ने मनाया दिशोम गुरू शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन

**बोकारो :** झामुमो कार्यालय बोकारो में जिला समिति द्वारा दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन का 81वा जन्म दिन पूरे धूम धाम से मनाया गया केक काट कर जिला अध्यक्ष हीरलाला मांझी ने गुरुजी के दीघार्यु की कामना की सभी कार्यकर्ताओं में खुशी थी । इस अवसर पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। जन्मदिन के इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य संतोष रजवार जिला सचिव जयनारायण महतो, जिला उपाध्यक्ष घुनू हंसदा ,बोकारो नगर अध्यक्ष मंटू यादव ,हसन इमाम जिला कोषाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य, अशोक मुर्मू फैयाज अलाम चास प्रखंड अध्यक्ष, सुबल महतो ,पंकज मरांडी प्रमोद, तापड़िया मनोज हेब्रम ,कन्हैया सिंह, भागीरथ शर्मा मिथुन मंडल ,संती सोरेन, फिरदोस अंसारी, मंटू किस्ती, अजय हेब्रम आलोक सिंह, राकेश सिन्हा, चंदू सिंह मुंडा, समसाद कमरान खान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीपीएस बोकारो के पूर्व छात्र हिमांशु बने श्रम प्रवर्तन अधिकारी

### यूपीएससी ईपीएफओ परीक्षा में पाई सफलता, प्राचार्य डॉ गंगवार ने दी बधाई




**बोकारो :** डीपीएस बोकारो से निकले एक और प्रतिभावान छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर इस विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वर्ष 2015 बैच का मेधावी छात्र रहे हिमांशु कुमार का चयन श्रम प्रवर्तन अधिकारी के रूप में किया गया है। जल्द ही उसकी पोस्टिंग की जाएगी।यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) परीक्षा में 224वीं रैंक लाकर हिमांशु ने यह उपलब्धि अर्जित की है। देश की सबसे कठिनतम परीक्षाओं में से एक संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में एक बार पुनः अपने विद्यालय से निकले छात्र की इस उपलब्धि पर डीपीएस बोकारो परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने हिमांशु को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कटिबद्धता के लगातार सार्थक परिणाम दिख रहे हैं। उन्होंने हिमांशु की सफलता को विद्यालय की उपलब्धियां का एक और नया अध्याय बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हिमांशु न केवल पढ़ने-लिखने में तेज-तर्रार था, बल्कि सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी बढ़कर हिस्सा लेता था। हिमांशु ने एक खास बातचीत में कहा कि डीपीएस बोकारो से उसके सपनों को एक नई उड़ान मिली। गांव से यहां आने के बाद उसे करियर के विभिन्न आयामों के बारे में पता चला। विद्यालय में न केवल पढ़ाई, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से होने वाली भांति-भांति की गतिविधियों में भी उसने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता, गिटार-वादन खेलकूद आदि में भी वह शामिल हुआ। इसके परिणामस्वरूप उसके व्यक्तित्व का निखार हुआ। विद्यालय में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल उसके लिए काफी सहायक सिद्ध हुआ। उसने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय उन्हें भी दिया है। हिमांशु ने कहा कि उसकी सफलता के पीछे उसके परिवार की भूमिका सबसे शक्तिशाली साबित हुई है। वर्ष 1999 में पिता स्व अनिल कुमार के निधन के बाद उसे बहुत बड़ा झटका लगा था। लेकिन, उस कठिन परिस्थिति में माता विमला देवी ने किसी तरह उसे पढ़ा-लिखाकर इस मुकाम पर पहुंचाया। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे हिमांशु के बड़े भाई ज्ञानदीप कुमार बिहार के नालंदा में युवा जदयू के नेता हैं, जबकि मंझले भाई सुधांशु कुमार एचपीसीएल, मुंबई में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। पूरे परिवार ने उसके सपनों को पूरा करने में ताकत की भूमिका निभाई। हिमांशु इन दिनों दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था और रोजाना लगभग 10 घंटे पढ़ाई करने की कड़ी मेहनत के बाद उसने यह कामयाबी पाई है। उसने बताया कि शुरू से ही वह इस क्षेत्र में जाना चाहता था। साइंस (पीसीएम) स्ट्रीम के विद्यार्थी के तौर पर डीपीएस बोकारो से 2015 में 91 फीसदी से अधिक अंकों से पास होकर उसने आईआईटी बॉम्बे में दाखिला लिया। वहां उच्च शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद यूपीएससी की तैयारी में लग गया। उसकी इस कामयाबी से उसके मूल निवास स्थान नालंदा (बिहार) के बिंद प्रखंड अंतर्गत उतरथु गांव में भी खुशी का माहौल है। हिमांशु ने बताया कि वह राष्ट्रपिता महात्मा के अहिंसात्मक आदर्शों और स्वामी विवेकानंद जी के सिद्धांतों से काफी प्रेरित रहा है। असफलता से घबराकर हताश होने वाले तथा भटकाव की ओर बढ़ जाने वाले युवाओं को अपने संदेश में हिमांशु ने कहा कि कोई भी परीक्षा जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती, बल्कि वहीं से एक नई शुरूआत होनी चाहिए। और कड़ी मेहनत करनी चाहिए, तभी कामयाबी मिल सकेगी। उसने यह भी कहा कि इस प्रकार की स्थिति में संबंधित छात्र को करियर विशेषज्ञ के मार्गदर्शन के साथ-साथ अभिभावकों की ओर से भी सहयोग एवं समुचित दिशा-निर्देशन की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) पर विशेष

# प्रेरणास्रोत है स्वामी विवेकानंद का जीवन

तुषार कांति शीट





**स्वामी विवेकानंद** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त महान संत और दार्शनिक थे। उनकी जीवनी एक आदर्श के रूप में स्थापित है। वह युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ। उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करता है।

स्वामी विवेकानंद का मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उनका परिवार धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का था। उन्होंने वेद, उपनिषद, और भारतीय दर्शन का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में उनके ऐतिहासिक भाषण ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कर दिया। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत भाइयों और बहनों के संबोधन से की, जिसने सभी का दिल जीत लिया।

उनका मानना था कि हर व्यक्ति में ईश्वर का वास होता है। वे शिक्षा को आत्मनिर्भरता, आत्मशक्ति और आत्मविश्वास का माध्यम मानते थे। उनके अनुसार, शिक्षा केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करे। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत है। यह मिशन उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

स्वामी विवेकानंद जयंती युवाओं के लिए एक प्रेरणा दिवस है। इस दिन विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों में संगोष्ठियों, व्याख्यानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उनका जीवन संदेश आज भी युवाओं को सकारात्मकता, आत्मविश्वास और सेवा भावना की ओर प्रेरित करता है।

स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और कार्यों से भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को प्रेरित किया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि अगर व्यक्ति में इच्छाशक्ति और समर्पण हो, तो वह असंभव को भी संभव कर सकता है। उनकी जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज को बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

**(लेखक जाने-माने समाजसेवी व श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव हैं)**

## बाल संस्कार केंद्र अक्षर ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति का ज्ञान भी दे रहा : गिरी



**बोकारो :** यहां के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित इस्पतांचल स्वदेशी मेला मे दर्शकों का विशेष ध्यान रखा जाता है । इनके खरीदारी और मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मेले के चौथे दिन सहकार भारती बोकारो द्वारा नृत्य, गीत व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न बाल संस्कार केंद्र के नन्हे मुन्ने छात्राओं ने अपने रचनात्मक गुणों का प्रदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति पर आधारित नृत्य नाटिका सफल मंचन किया। सर्वप्रथम छात्राओं ने एकल गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। सहकार भारती के सचिव जय नंदन गिरी ने बताया कि सरकार भारती द्वारा जिले में 16 बाल संस्कार केंद्र चलाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से बच्चों के बीच अक्षर, अंक ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के ज्ञान को भी दिया जा रहा है। साथ ही दो सिलाई प्रशिक्षण केंद्र मीना देवी के देख-रेख में वैभव श्री के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबन बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।